हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–197 : जौनपुर, बुधवार 10 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## चुनाव से पहले दो और नए पुलिस कमिश्नरेट की उम्मीद : इन चार जिलों को लेकर लग रहे कयास

लखनऊ ब्यूरो : यूपी विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में दो और पुलिस कमिश्नरेट बनाए जाने की उम्मीदें फिर से जग गई हैं। डीजीपी मुख्यालय ने मौजूदा चारों पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ, नोएडा, वाराणसी और कानपुर से पुलिस आयुक्त प्रणाली को लेकर एक रिपोर्ट मांगी है। इसके बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि जल्द ही कम से कम दो और शहरों में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू हो सकती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डीजीपी मुख्यालय ने पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू होने के बाद से उसके असर, खामियों, सकारात्मक पहलुओं, सुधारों और उसकी गुंजाइश को लेकर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। माना जा रहा है कि यह कवायद मेरठ, आगरा, गाजियाबाद और प्रयागराज में से किसी दो शहरों में पुलिस कमिश्नरेट बनाए जाने को लेकर की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले भी पुलिस अधिकारियों की कॉन्फ्रेंस में अधिक आबादी वाले शहरों में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करने की बात कह चुके हैं। 20 से 22 नवंबर को लखनऊ में डीजीपी कॉन्फ्रेंस प्रस्तावित



है, जिसमें खुद प्रधानमंत्री आ रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश सरकार उन्हें कम से कम दो और पुलिस कमिश्नरेट का तोहफा देने की कोशिश कर रही है। हालांकि अधिकारी नई कमिश्नरेट के लिए काबिल अफसरों की कमी का हवाला देते रहे हैं, लेकिन अभी तक की चार पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली के सकारात्मक परिणाम को देखते हुए राज्य सरकार इसे कम से कम दो और शहरों में बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है।

## अखिलेश यादव के इत्र पर उप मुख्यमंत्री का निशाना : कहा– नहीं चाहिए घोटाले नफरत और भ्रष्टाचार की दुर्गंध

आगरा ब्यूरो : आगरा में दौरे पर आए उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधा। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इत्र जारी करने से नफरत, घोटाले और भ्रष्टाचार की दुर्गंध नहीं जाएगी। उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने बुधवार सुबह सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक की और शहर के चल रहे विकासकार्यों को और तेज करने के निर्देश दिए। नंबर एक के लिए पार्टियों में खींचतान। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा प्रदेश में भाजपा का कोई मुकाबला नहीं है। एक नंबर के लिए राजनीतिक पार्टियों में आपसी खींचतान मची है। आगरा में बढ़ते प्रदूषण पर उन्होंने कहा कि मेट्रो के काम में धूल न उड़े इसके लिए अधिकारी जनप्रतिनिधि और मेट्रो प्रशासन आपसी सामंजस्य कर रणनीति बनाएंगे। इसके निर्देश दिए गए हैं। गड्ढा मुक्त सड़कों के लिए अभियान में और तेजी लाई जाएगी। किसानों को नहीं होगी खाद की समस्या। किसानों को हो रही खाद की समस्या पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डीएपी की किल्लत जल्द दूर होगी, इसके लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर तेजी से काम हो रहा है। शिलायांस कार्यक्रम में पहुंचे उप मुख्यमंत्री। उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा सर्किट हाउस के बाद छीपीटोला स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन भव्य चतुर्विशति का जिनालय के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे। मुनि वीर



सागर, विशाल सागर और धवल सागर महाराज के सानिध्य में यहां आयोजन हो रहा है। उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा अतिथि के तौर पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इस मौके पर जैन समाज की तरफ से उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन समाज ने पूरे देश को दिशा दी है।अहिंसा को पूरे विश्व को आत्मसात करने की जरूरत है। इससे विश्व में शांति स्थापित हो सकती है। कहा कि पूरे विश्व में भगवान महावीर के उपदेशों का अनुकरण किया जाता है। देर रात कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र। उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा मंगलवार को आगरा आए थे। यहां सर्किट हाउस में उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों संग बैठक की थी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनावों की तैयारियों में जुट जाएं। सकारात्मक भाव से सभी काम करें। पन्ना प्रमुख भाजपा की जीत का सूत्रधार बनेंगे। संगठन पदाधिकारी पन्ना प्रमुखों के सहयोगी बनें।

## उत्तर प्रदेश की समृद्धिशाली संस्कृति के संरक्षण व संवर्द्धन हेतु सरकार ने किया है विशेष सराहनीय कार्य

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारत में उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक विरासत को संजोये रखने में अग्रणी राज्य है। यहाँ की गंगा–यमुनी संस्कृति विश्व प्रसिद्ध है। प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश की समृद्धिशाली संस्कृति के संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रदर्शन हेतु निरन्तर प्रयत्नशील है। प्रदेश की अमूर्त विरासत को संरक्षित करने के लिए अनेको ठोस कदम उठाये गये हैं। पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को स्वदेश दर्शन योजनान्तर्गत रामायण सर्किट, बौद्ध सर्किट, हेरिटेज सर्किट, स्प्रिचुएल सर्किट, बुन्देलखण्ड सर्किट, शक्तिपीठ सर्किट, महाभारत सर्किट, सूफी सर्किट एवं जैन सर्किट परिपथों को चिन्हित कर मूलभूत सुविधायें प्रदान करते हुए समेकित पर्यटन विकास किया गया है।राष्ट्रपति द्वारा 29 अगस्त 2021 को रामायण कानक्लेव का उद्घाटन अयोध्या में किया गया। इस कानक्लेव के अन्तर्गत रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन प्रदेश के 18 जनपदों में किया जा रहा है। चौरी–चौरा शताब्दी समारोह एवं आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत गोरखपुर एवं काकोरी, लखनऊ में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश के समस्त जनपदों में कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए आम जनता को स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन की वीरगाथा के विषय में बताया गया। प्रदेश में कला एवं संस्कृति को बढ़ावा दिये जाने हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के अनुरूप प्रदेश के प्रमुख धार्मिक, पर्यटक स्थलों पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये जैसे–कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 'कृष्णोत्सव', अयोध्या में 'दीपोत्सव' वाराणसी में 'देव दीपावली' 'फरहा महोत्सव', 'उ0प्र0 दिवस' आदि। यह समस्त कार्यक्रम प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किये जा रहे हैं। प्रदेश में फिल्म के विकास योजना के अन्तर्गत उ0प्र0 की लोक कलाओं पर आधारित प्रदेश के विविध अंचलों यथा–अवध, बुन्देलखण्ड, भोजपुरी, पूर्वांचल, तराई, जनजाति एवं उ0प्र0 की सम्पूर्ण सांस्कृतिक विरासत पर हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में 30–30 मिनट की 15 डाक्यूमेंट्री फिल्मों का निर्माण कराया गया जो कि संस्कृति विभाग के यू–ट्यूब चौनल पर आम जनमानस के अवलोकन हेतु उपलब्ध है। प्रतिवर्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में सांस्कृतिक समारोह का आयोजन दिनांक 25 दिसम्बर को किया जाता है। कल्चरल क्लब योजना के अन्तर्गत प्रदेश में संस्कृति के संवर्द्धन व संरक्षण हेतु विश्वविद्यालयों में छात्र–छात्राओं में संस्कृति के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से कल्चरल क्लबों की स्थापना संबंधी कार्यवाही प्रचलन में है। प्रदेश में वाद्ययंत्र अनुदान सहायता योजना के अन्तर्गत लोक कलाकारों को वाद्ययंत्रों एवं वेशभूषा के क्रय हेतु अनुदान दिये जाने की कार्यवाही प्रचलन में है। अभिलेखीकरण योजना के अन्तर्गत प्रदेश की समृद्धिशाली सांस्कृतिक धरोहर का अभिलेखीकरण का कार्य भी प्रारम्भ किया गया है। जिससे प्रदेश की विविध संस्कृतियों को संजोये रखा जा सके।

## छठ महापर्व : सजी दुकानें बाजारों की बढ़ी रौनक

गोरखपुर खंजनी ब्यूरो रवि कुमार : छठ महापर्व का व्रत और पूजन के लिए उपयोग किए जाने वाले सामानों से बाजार में दुकानें सज गयी है छठ व्रत करने वाले लोग इन दुकानों से खरीदारी करने के लिए निकल पड़े हैं जिसमें बाजारों में रौनक काफी बढ़ गयी है हालांकि महंगे सामानों के कारण व्रतियों का बजट गड़बड़ा जा रहा है महापर्व छठ के व्रत के दौरान प्रयोग होने वाले सामानों की खरीद फरोख्त के लिए बाजारों में दुकान सभी सामानों से की उपलब्धता के साथ सज गई है पिछले 2 सालों से कोरोना के कारण रौनक विहीन रहे इस महापर्व को बेहतर ढंग से मनाने के लिए लोग बढ़िया खरीदारी कर रहे हैं क्षेत्र के खजनी सिकरीगंज महादेवा बाजार दुघरा चौराहा ढकवा देवरा इत्यादि जगह दुकानें सज गई है खरीदारी करने के लिए आई बनकटा से संगीता देवी और कौशल्या देवी और उनके साथ आए राजेश कौशल सिंह उमेश रमेश कौशल सिंह ने बताया कि 2 सालों से फीका रहे इस त्यौहार को इस बार शानदार तरीके से मनाने के लिए खरीदारी हो रही है लेकिन पिछले 2 सालों में सामान की कीमत इतनी बढ़ गयी है कि बजट में गड़बड़ रहा है फिर भी त्यौहार को मनाना ही है महादेवा बाजार मे छठ का सामान बेच रहे दुकानदार सर्विस और नंदलाल किशोर राम आशीष तिवारी राजाराम ने बताया ने बताया कि



आगे से ही सामान बहुत महंगा आ रहा है ऐसे में हमारी मजबूरी है छठ महापर्व में व्रत अपने डाल को सभी तरह के सामानो से सजाता है बहुत से ऐसे सामान है जिनका मौसम नहीं होता है फिर भी दुकानदार वर्तियो को वह सामान उपलब्ध कराते हैं खजनी क्षेत्र के सभी दुकानों पर सबसे महंगा दाम पर आम, अंगूर और लौकी की बिक रही है यहां आम प्रति प 50–70 रुपैया प्रति पीस है अंगूर 300 किलो और लौकी ,80 से ध्120 किलो के भाव बिक रहा है समान महंगा है लेकिन खरीदारी करना भी मजबूरी है,खजनी क्षेत्र में बिक रहे छठ समान का रेट सूची–आम 50–70 प्रति पीस, नाशपाती 20 – 25 प्रति पीस हल्दी 10 का तीन पीस मुसम्मी 60 से 80 प्रति किलो, पपीता 70 से 100 किलो गाजर 40 से 50 प्रति किलो, मंफली 100 से 150 प्रति किलो है।

## कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा की बैठक संपन्न : जन जागरण एवं भावी आंदोलन की हुई समीक्षा

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा की बैठक में जन जागरण एवं भावी आंदोलन की समीक्षा की गई। समीक्षा में प्रदेश सरकार के नकारात्मक रवैया की निंदा की गई। 27 नवंबर को 75 जनपदों में मशाल जुलूस निकाला जाएगा। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों की कल श्री वी पी मिश्र की अध्यक्षता में नगर निगम में हुई बैठक में सर्व श्री शशि कुमार मिश्रा महासचिव , सुरेश रावत अध्यक्ष, गिरीश मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,अतुल मिश्रा महामंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ,कैसर रजा ,गोमती द्विवेदी स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ,मनोज कुमार मिश्र अध्यक्ष घनश्याम यादव महामंत्री निगम कर्मचारी महासंघ ,अवधेश सिंह अध्यक्ष विकास प्राधिकरण ,नंदकिशोर महामंत्री माध्यमिक शिक्षक संघ ,सुनील यादव अध्यक्ष डिप्लोमा फार्मासिस्ट महासंघ, आशीष पांडे महामंत्री फेडरेशन ऑफ फॉरेस्ट आदि शामिल थे। मोर्चा के महासचिव शशी कुमार मिश्र ने बताया कि बैठक में सभी वक्ताओं ने प्रदेश सरकार की कर्मचारी विरोधी रवैया की निंदा करते हुए कर्मचारियों एवं शिक्षकों से अपील की गई है की 27 नवंबर को मशाल जुलूस एवं 9 दिसंबर को पूर्णता काम बंदी को सफल बना कर अपनी एकता का परिचय दें। श्री वी पी मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ,मुख्य सचिव को पत्र भेजकर प्रयास किया गया परंतु वार्ता कर मांगों पर निर्णय नहीं किया गया माना कुछ संगठनों की बैठक हुई जो नकारात्मक रही ,पुरानी पेंशन की बहाली ,वेतन समिति की रिपोर्ट पर निर्णय एवं शासनादेश जारी करना ,महंगाई भत्ते के एरियर का भुगतान ,कैशलेस इलाज ,स्थानीय निकायों ,राजकीय निगमों ,विकास प्राधिकरण में कैडर रिव्यू कर सातवें वेतन आयोग का लाभ देने ,घाटे के नाम पर राजकीय निगमों के कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ न देना तथा बकाया देयको का भुगतान 31 दिसंबर 2001 तक के बचे हुए संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण पर निर्णय न होने से कर्मचारियों एवं शिक्षकों में व्यापक आक्रोश व्याप्त है इसका खामियाजा विधानसभा चुनाव में सत्ता दल को भुगतना पड़ेगा अभी भी समय है मामलों पर निर्णय करने के लिए श्री वी पी मिश्रा ने खेद व्यक्त किया कि कर्मचारी संगठनों के सचिवालय प्रवेश पत्र नहीं बनाए जा रहे हैं विभागों से प्रस्ताव भी नहीं भेजे गए हैं। श्री मिश्र ने मुख्यमंत्री जी से आग्रह किया है कि मोर्चा की मांगों पर तत्काल बैठक करके निर्णय करें अन्यथा प्रदेश के कर्मचारी काम बंद कर देंगे।

## मोहम्मद साहब पर अभद्र टिप्पणी करने पर वसीम रिजवी का धर्मगुरुओं ने फूंका पुतला : गिरफ्तारी की मांग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वसीम रिजवी द्वारा हजरत मोहम्मद साहब पर अभद्र धार्मिक टिप्पणी करने के विरोध में जिले के धर्मगुरुओ में आक्रोश का माहौल है । बुधवार को वरिष्ठ शिया धर्मगुरु मौलाना सफदर हुसैन जैदी के नेतृत्व में सदर इमामबाड़े के पास विरोध जुलूस निकालकर प्रदर्शन कर पुतला फूंका गया । इस दौरान धर्मगुरुओं ने वसीम रिजवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी करने की मांग की । धर्मगुरु मौलाना सफदर हुसैन जैद ने कहा कि भारत की गंगा जमुनी तहजीब को शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन बिगाड़ने पर तुले हुए हैं । यह बार–बार सुर्खियों में आने के लिए धार्मिक भावनाएं भड़काने का प्रयास कर रहे हैं जो मुस्लिम समाज के लोग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे । मौलाना ने देश के प्रधानमंत्री एवं यूपी के मुख्यमंत्री से मांग किया कि वसीम रिजवी के खिलाफ अति शीघ्र कड़ी कार्रवाई कर उसे सलाखों के पीछे भेजें ताकि ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति ना हो सके मौलाना ने कहा कि वसीम रिजवी ने पिछले एक दशक से वक्फ बोर्ड में तमाम तरह की अनियमितताएं किया है साथ ही अभी कुछ दिन पहले मुसलमानों के पवित्र ग्रंथ कुरान की आयतों में टिप्पणी की थी अगर उसी समय सरकार वसीम पर कड़ी कार्रवाई करती तो आज ऐसी नौबत ना आती की वसीम जैसे भ्रष्टाचारी अपने बचाव के लिए हजरत मोहम्मद साहब पर अभद्र टिप्पणी



करता। उन्होंने मांग किया कि शीघ्र ही वसीम रिजवी पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर मौलाना आसिफ अब्बास , मौलाना मेराज खान , मौलाना रजा अब्बास , मौलाना दिलशाद , मौलाना हैदर मेंहदी , मौलाना जफर खान , मौलाना मोहसिन , मौलाना सैफ , हसन मेंहदी , सूरज यादव , मिथलेश सिंह , आकिफ हुसैनी आदि के साथ भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### खजनी क्षेत्र के सरया तिवारी गांव में पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा छट्ठ घाटों का किया गया निरीक्षण

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : खजनी क्षेत्र ग्राम सभा सरया तिवारी में छठ्ठ पूजा को लेकर सक्रिय पूर्व ग्राम प्रधान गोरख प्रसाद सरया तिवारी में साफ सफाई में आगे आये ।आस्था के प्रतीक भगवान सूर्य के उगते हुए ,और डूबते हुए भगवान भास्कर की पूजा होता । गांव में सर्वाधिक जनता छठ्ठ में सरीख होते है। पूर्व की भांति गांव में इस बार भी सक्रिय हैं । प्रत्येक बर्ष की भांति हर वर्ष छठ्ठ में पूर्व प्रधान गोरख प्रसाद साफ सफाई को लेकर प्रतिवद्ध है । गांव में छठ्ठ पूजा में अग्रसर है । साफ सफाई के दौरान उनके सहयोगी रामु चौहान ,रजनीश त्रिपाठी ,शुभम त्रिपाठी सत्यम त्रिपाठी, सूर्यप्रताप आदि लोग उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## मामूली विवाद में हुई मारपीट : दस पर मुकदमा दर्ज

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : उरुवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत श्रीराम रेखा सिंह इंटर कॉलेज के पास मंगलवार की सुबह स्कूल जा रहे दो सगे भाइयों को कुछ युवकों ने पीट दिया। घटना का कारण लड़कियों पर छींटा कसी का होना बताया जा रहा है। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस इस मामले में दस लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। घटना के बावत दी गई तहरीर में मोनू यादव निवासी बेलासपुर ने बताया कि वह अपने भाई मोहन के साथ स्कूल जा रहा था। इस दौरान कुछ लोग उसके गांव की लड़कियों पर फब्तियां कस रहे थे। मना करने पर लगभग दस की संख्या में युवकों ने लाठी डंडे व धारदार हथियार से हमला कर दिया। मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें पीएचसी उरुवा ले गए। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 147,148, 323,504,294,308 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

## जिम्मेदारों की सुस्ती के चलते मनमानी कर रहे सफाई कर्मी

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : जहां एक तरफ वर्तमान सरकार सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर है वहीं दूसरी तरफ बात अगर जनपद गोरखपुर की सफाई व्यवस्था की करें तो पूरी तरह से दम तोड चुकी है। गांव की सफाई व्यवस्था अंधेर नगरी चौपट राजा की कहावत को चरितार्थ करती



नजर आती है। ग्रामीणों ने दबी जुबा से बताया कि उक्त सफाई कर्मी भाडे के लेबर से माह में एक दिन हिटलर शाही ढंग से सफाई करवाया जाता है। जिन गांव के सफाई कर्मचारी कागजों में तो गांव में तैनात हैं बल्कि उनकी सेवा अफसरों के बंगलों में या फिर दफ्तरों में है। ऐसे कर्मचारियों की संख्या एक दो नहीं बल्कि दर्जनों के ऊपर है। सीधे तौर पर राजस्व गांव में साफ सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे है। नियम के मुताबिक प्रधान ही सफाई कर्मचारी की हाजिरी देते हैं। जब हाजिरी का वक्त आता है तो अफसर प्रधान पर दबाव बनाकर उसकी हाजिरी हासिल कर लेते हैं। जिम्मेदार अधिकारी यह तय नहीं कर पा रहे है।

## रास्ते में जाते समय युवक का छीना मोबाइल फोन

गोरखपुर खंजनी ब्यूरो रवि कुमारःहोजाए सावधान शहर में बेखौफ हो चुके लुटेरों के कदम रुकने का नाम नहीं ले रही है। ऐसा ही एक मामला सामने उरुवा क्षेत्र मे आया है, मंगलवार शाम 7 बजे माल्हनपार रोड मझगावा मोड़ के समीप एक युवक सोनू जो साइकिल से बाजार कर के वापस घर जा रहा था तभी बाइक सवार दो युवक ने मोबाइल खींचा लेकिन वह असफल हो गए और मोबाइल नीचे गिर गया बाइक सवार युवक गाडियों आते जाते देख तेजी से गाड़ी ले कर फरार हो गए , तभी गाव में सूचना मिली ही गांव के लोग पहुंचे।

### भाजपाइयों द्वारा एमएलसी संजय निषाद का पुतला फूंकने की कोशिश को पुलिस नें किया नाकाम

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : एमएलसी संजय निषाद का भारतीय जनता पार्टी पूर्व मंत्री उत्सव राय ने शास्त्री चौक पर पुतला फुकने का किया कोशिश कैंट पुलिस ने किया नाकाम। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय



अध्यक्ष एमएलसी संजय निषाद ने भगवान श्री रामचंद्र जी पर अभद्र टिप्पणी करने पर भाजपा युवा वार्ड पूर्व महामंत्री उत्सव ने शास्त्री चौक पर पुतला फूंकने की कोशिश किया उसके पहले ही प्रभारी निरीक्षक कैंट मधुप नाथ मिश्रा के नेतृत्व में पहले से मौजूद पुलिसकर्मियों ने पुतला फूंकने से रोक दिया उत्सव ने बताया कि भगवान श्री रामचंद्र जी के खिलाफ कोई भी टिप्पणी करने का करेगा तो उनका पुतला फूंक कर किया जाएगा विरोध।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

*स्वराज अधिकारी बनना है तो मन रुपी मंत्री को अपना सहयोगी बना लो–*

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

### नदी जोड़ो अभियान : बेतवा केन परियोजना

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्षों पूर्व देश की जल एवं बाढ़ समस्या के निदान के लिए नदियों को परस्पर जोड़ने तथा केन बेतवा नदी को जोड़कर बुंदेलखंड की प्यासी धरती एवं वहां के लोगों की प्यास बुझाने हेतु इस परियोजना का जो सपना देखा था उसे साकार करने हेतु विश्व जल दिवस 23 मार्च को प्रधानमंत्री की उपस्थिति में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर कर देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना को साकार करने का श्रीगणेश किया। समझौते के समय उपस्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए परियोजना के महत्व का प्रतिपादन करते हुए कहा कि यह परियोजना बुंदेलखंड का भाग्य बदलेगी, इससे प्यास भी बुझेगी और विकास भी होगा। दोनों मुख्यमंत्रियों ने सिर्फ कागज पर हस्ताक्षर ही नहीं किए हैं बल्कि बुंदेलखंड की भाग्य रेखा को नया रंग रूप दिया है। परियोजना से लाखों लोगों को पानी तो मिलेगा ही, बिजली भी मिलेगी प्यास भी बुझेगी और प्रगति भी होगी।

इस परियोजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश की बेतवा और केन नदी को आपस में जोड़ा जाना है। केन नदी जबलपुर के पास कैमूर की पहाड़ियों से निकलकर 427 किलोमीटर उत्तर की ओर चलकर उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के चिल्ला गांव में यमुना नदी में मिलती है। इसी प्रकार बेतवा नदी मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से निकलकर 576 किलोमीटर की दूरी पर उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में यमुना में मिलती है। 6000 करोड़ की इस परियोजना का मुख्य बांध पन्ना टाइगर रिजर्व के दौधन गांव में बनना है , 77 मीटर ऊंचा तथा 19633 वर्ग किलोमीटर जलग्रहण क्षमता वाले इस मुख्य बांध में 2853 एम सी एम पानी भंडारण की क्षमता होगी।

2613.19 करोड़ की लागत से बनने वाले इस बांध में दो बिजलीघर बनेंगे, जिससे 78 मेगा वाट बिजली मध्य प्रदेश को प्राप्त होगी । 341.55 करोड़ की लागत से इन बिजली घरों का निर्माण होगा। बांध से 2708. 36 करोड़ की लागत से नहरें बनाई जाएंगी । 218 किलोमीटर लंबी मुख्य नहर उत्तर प्रदेश के बरुआसागर में जाकर मिलेगी इस नहर से 10 74 एम सी एम पानी प्रतिवर्ष भेजा जाएगा, जिसमें से 659 एम सी एम पानी बेतवा नदी में पहुंचेगा। दौधन बांध के अतिरिक्त तीन अन्य बांध भी मध्य प्रदेश में में बेतवा नदी पर बनाए जाएंगे। रायसेन तथा विदिशा जिले में बनने वाले मकोडिया बांध से 56850 एकड़ क्षेत्र में ,बरारी बैराज से 2500 तथा केसरी बैराज से 2880 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। लिंक नहर से मार्गों में 60294 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित होगा ,इससे मध्य प्रदेश के 46599 व उत्तर प्रदेश के 13695 हे . क्षेत्र में सिंचाई होगी । दौधन बांध से छतरपुर और पन्ना जिले की 3.23 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। इस परियोजना को मूर्त रूप देने में म कुल 35111 करोड़ रुपए व्यय होंगे, जिसमें से 90: धनराशि केंद्र सरकार वहन करेगी, शेष धनराशि की 5– 5: राशि राज्य सरकारें वहन करेंगी।

आज सूखे के प्रकोप से पीड़ित तथा बूंद–बूंद पानी के लिए तरस रहे उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड की भूमि को केन बेतवा लिंक परियोजना की लंबे समय से प्रतीक्षा थी, जो अब मूर्त रूप लेने जा रहे लेने जा रही है। बुंदेलखंड में उत्तर प्रदेश के सात और मध्य प्रदेश के 9 जिले आते हैं, जिन्हें इस परियोजना के मूर्त रूप लेने की लंबे समय से प्रतीक्षा थी, जो अब मूर्त रूप लेने जा रही है। योजना के मूर्त रूप लेने से हमीरपुर स्थित मौदहा बांध को लिंक नहर से जोड़कर भरा जाएगा। इससे दोनों राज्यों को लाभ मिलेगा। उत्तर प्रदेश के महोबा झांसी ललितपुर एवं हमीरपुर के 21लाख लोगों को 67 मिलियन क्यूबिक मीटर जल मिलेगा। इसके साथ ही बांदा झांसी महोबा ललितपुर एवं हमीरपुर के 2.51 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फसलों की सिंचाई की जा सकेगी। हमीरपुर में मौदहा बांध को भरकर हमीरपुर में 26900 हेक्टेयर की सिंचाई व्यवस्था और तहसील राठ में पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। जनपद महोबा में लगभग 37564 हेक्टेयर ललितपुर में 3533 हेक्टेयर झांसी में लगभग 17488 हेक्टेयर और बांदा में लगभग 192479 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। जनपद झांसी में लगभग 14.66 मिलियन क्यूबिक मीटर ललितपुर में 31.8 मिलियन क्यूबिक मीटर, हमीरपुर में 2.79 मिलियन क्यूबिक मीटर और महोबा में लगभग 20.13 मिलियन क्यूबिक मीटर जल पेयजल के रूप में उपलब्ध कराया जा सकेगा। परियोजना के अंतर्गत बरियारपुर पिकअप बीयर के डाउनस्ट्रीम में दो नए वैराजों का निर्माण कर लगभग 188 क्यूबिक मीटर जल भंडारण किया जा सकेगा।

केन बेतवा लिंक नहर पर उत्तर प्रदेश की आवश्यकता के अनुसार आउटलेट प्रदान करते हुए महोबा हमीरपुर झांसी जिलों में अनेक वर्षों से पानी उपलब्ध न होने के कारण सूखे पड़े अनेक बांधों को बरसात में जल उपलब्ध कराकर भरा जाएगा। मध्यप्रदेश में छतरपुर टीकमगढ़ पन्ना जिले में किसान धान गेहूं की खेती कर सकेंगे, जो अबतक सिंचाई के साधनों के अभाव में नहीं कर पाते थे, वर्षा जल के सहारे बोई गई फसल प्रायः सूख जाती थी। अब पर्याप्त मात्रा में सिंचाई हेतु जल उपलब्ध हो जाने से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जिलों के न केवल किसान खुशहाल होंगे अपितु वहां के खेतों में फसलें लहलहाएंगी। दोनों राज्यों में 12 लाख हेक्टेयर भूमि में वर्ष में 2–3 फसलें उगाई जा सकेंगी, पीने का पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा जिससे क्षेत्र का चतुर्दिक विकास होगा। इस परियोजना से प्रत्यक्ष रूप से मध्य प्रदेश के पन्ना टीकमगढ़ छतरपुर सागर दमोह दतिया विदिशा शिवपुरी और रायसेन जिले तथा उत्तर प्रदेश के बांदा महोबा झांसी और ललितपुर जिलो को इसका लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त अप्रत्यक्ष रूप से अन्य कई जिले इस परियोजना से लाभान्वित होंगे।

यह परियोजना वर्ष 2005 में ही स्वीकृत कर ली गई थी, जब उत्तर प्रदेश को रबी फसल के लिए 547 मिलियन क्यूबिक मीटर एमसीएम और खरीफ फसल के लिए 1153 एमसीएम पानी देना तय हुआ था किंतु दोनों राज्यों के मध्य उत्तर प्रदेश को रबी फसल के लिए यह पानी देने को लेकर विवाद था। वर्ष 2018 में उत्तर प्रदेश ने रबी फसल के लिए 700 एमसीएम पानी की मांग रखी जो बाद में 788 एमसीएम तक पहुंच गई। तुरंत बाद यह मांग जुलाई 2019 में 930 एमसीएम पानी उपलब्ध कराने तक पहुंच गई और उसकी उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु उत्तर प्रदेश द्वारा इस आशय काका मांग पत्र भेज दिया गया। मध्यप्रदेश उत्तर प्रदेश को इतना पानी देने के लिए तैयार नहीं था जिससे दोनों राज्यों के मध्य पानी बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था और दोनों राज्यों को मूर्त रूप देना सम्भव नहीं हो सका था।

वस्तुतः केन बेतवा लिंक परियोजना माननीय अटल बिहारी वाजपेयी की राष्ट्र को जोड़ने वाली स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क परियोजना की भांति समूचे राष्ट्र को जल तथा बाढ़ की समस्याओं से निजात दिलाने के लिए देश की 37 प्रमुख नदियों को एक–दूसरे से जोड़ने की महत्वपूर्ण परियोजना थी जिनमें से मध्य प्रदेश के अंतर्गत नर्मदा तथा क्षिप्रा को जोड़ने की योजना मध्य प्रदेश राज्य से ही संबंधित होने के कारण समय से मूर्त रूप ले चुकी है। जिसके परिणाम स्वरूप गर्मी में सूख जाने वाली क्षिप्रा में अब गर्मी में भी पर्याप्त पानी बना रहता है तथा उज्जैन को अपेक्षा अनुसार जल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होती रहती है। इन्हीं योजनाओं में केन बेतवा परियोजना भी थी जो समय के भंवर में फंसकर अनेक कारणों से अबतक मूर्त रूप नहीं ले सकी थी किंतु अब दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों एवं प्रधानमंत्री की सदिच्छा से यह योजना मूर्त रूप लेने जा रही है। इससे दोनों राज्यों का चतुर्दिक विकास होने के साथ–साथ राष्ट्र की विकास की गति में भी इनका योगदान बढ़ेगा तथा बुंदेलखंड की प्यासी धरती सदियों से चली आ रही अपनी प्यास को बुझाकर राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देगी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## उरुवा ब्लॉक के ग्राम प्रधान रामडीह द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों की सराहना

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : उरुवा ब्लॉक के ग्राम प्रधान रामडीह अनिल गौड़ के द्बारा कराये जा रहे काम वाकई मे काबिले तारीफ हैं।जब देश की उपासना की टीम रामडीह पहुंची तो प्रधान के काम को देखकर वास्तव मे आश्चर्यचकित हो गई।प्रधान के गांव में ही ब्रम्ह स्थान है जिसका मान्यता है कि यह स्थान सदियों से प्रचलित हैं और इसके साथ ही उसी स्थान से थोड़ी दुरी पर राम–राम के नाम का एक वृक्ष था जिसे देखने के लिए काफी भीड़ होती थी ऐसा लोग बताते हैं कि वृक्ष के हर पत्ते पर राम शब्द लिखा रहता था।ऐसे स्थान का विकास आज तक नहीं हो पाया लेकिन ग्राम प्रधान अनिल गोड़ द्बारा वहां पर विकास की शुरुआत हो गई हैं।पुछने पर प्रधान ने बताया कि इस स्थान को एक अलग पहचान दिलाना मेरा लक्ष्य है।और निरन्तर विकास करता रहुंगा।वहीं पास मे पंचायत भवन है जो कुत्ते, बिल्ली, बकरी आदि जानवरों का अड्डा हुआ करता था आज वही पंचायत भवन दिखने पंचायत भवन लग रहा है।अब विकास की किरण दिखाई देने लगी हैं।जिसे देखकर गांव के आस –पास के लोगों मे काफी चर्चा का विषय बन गया है कि रामडीह ग्राम प्रधान जो काम आज तक नही हुआ था वह काम भी अपने विवेक से करा ले रहा है।इन्सान अपने कर्म से ही महान होता है।

## छठ महापर्व आज:जानें पूजा विधि सामग्री और संध्या अर्घ्य का समय

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : आज छठ महापर्व का मुख्य त्योहार मनाया जा रहा है. 4 दिनों तक चलने वाले छठ पर्व में आज डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देते हुए छठी मैया की पूजा आराधना की जाएगी. हिंदू पंचांग के अनुसार छठ पूजा कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है. छठ पर्व मुख्य रूप से उत्तर भारत के राज्यों में मनाया जाने वाला त्योहार है. इसे खाततौर पर बिहार, झारखंड और पूर्वी भारत में बहुत ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया जाता है. छठ के त्योहार को सूर्य षष्ठी के नाम से भी जाना जाता है. छठ के पर्व में उगते हुए और डूबते हुए सूर्य दोनों को अर्घ्य दिया जाता है। 4 दिनों तक चलने वाले छठ पूजा पूजा में सूर्यदेव और छठी मैया की पूजा होती है. इस बार छठ का मुख्य त्योहार 10 नवंबर को है जिसमें शाम के समय ढ़लते हुए सूर्य को अर्ध्य देते है फिर अगली सुबह सूर्यदेव को जल अर्पित कर व्रत का पारण करते हैं. जैसे दिवाली का पर्व 5 दिनों का, नवरात्रि का पर्व 9 दिनों का होता है उसकी प्रकार से छठ पूजा 4 दिनों तक चलने वाला एक लोक पर्व है. इस पर्व की शुरुआत कार्तिक शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से होती है और सप्तमी तिथि को समापन हो जाता है. छठ पर्व माताएं अपनी संतान के सुख–समृद्धि,अरोग्यता और लंबी आयु की कामना के लिए रखती हैं। आज का दिन छठ पर्व का मुख्य दिन होता है. इसमें षष्ठी तिथि पर शाम के समय सूर्यदेव को अर्ध्य दिया जाता जाता है. सूर्य को अर्घ्य देने से पहले नदियों के किनारे लोग एकत्रित होकर बांस की टोकरी में फल, ठेकुआ, लड्डू और अन्य पूजन सामग्री को सूप में सजाया जाता है. व्रती छठी माई की पूजा करती हैं और सूर्य को अर्ध्य देते हुए अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना करती है. चौथे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है. छठी माई को याद करते हुए माताएं अपने परिवार की सुख और समृद्धि का वर मांगती है और प्रसाद खाकर व्रत का पारण करते हैं।

## दु:खहरण नाथ मंदिर में माथा टेक शिवपाल ने मांगा सरकार बनाने का आशीर्वाद

गोंडा ब्यूरो : प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव ने बुधवार को दु:खहरण नाथ मंदिर में माथा टेक कर सरकार बनाने का आशीर्वाद मांगा है। दर्शन करने के बाद कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार से जनता दु:खी है। जनता परिवर्तन चाह रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जो भी वादे किए थे उसे पूरा नहीं किया। जनता सरकार से पूरी तरह से परेशान है। उन्होंने कहा कि महंगाई से सभी वर्ग परेशान हैं। इतनी महंगाई कभी नहीं थी। भाजपा के लोग जनता को गुमराह कर रहे हैं। जनता भी समझ गई है। 2022 के चुनाव में जनता इन्हें सत्ता से उखाड़ कर फेंकेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग सिर्फ बेवकूफ बनाने का कार्य कर रहे हैं जिसको जनता समझ रही है। इसके पहले शिवपाल ने बाबा दु:ख हरण नाथ मंदिर में करीब 10 मिनट तक पूजन



किया। मंदिर के महंत रुद्र नारायण ने विधि विधान से बाबा भोलेनाथ की पूजा कराई। दूध से जलाभिषेक किया। शिवपाल ने बाबा से सरकार बनाने का आर्शीवाद लिया। इस दौरान प्रगतिशील समाज समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेश शुक्ला भी मौजूद थे।

## 16 लाख के जेवरात और 50 हजार नकदी की चोरी : परिजनों को कमरे में बंद कर दिया घटना को अंजाम

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ जिले के जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने मंगलवार की रात बड़ी घटना को अंजाम दिया है। कोतवाली क्षेत्र के तेजपालपुर धुसवा गांव निवासी एक व्यक्ति के घर में घुसकर चोरों ने 16 लाख के जेवरात व 50 हजार की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना को अंजाम देने के पहले चोरों ने परिजनों को उनके कमरों में बंद कर दिया था। सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस के अनुसार, तेजपालपुर धुसवा गांव निवासी अजय यादव पुत्र रामपाल यादव मंगलवार की रात परिवार के सदस्यों के साथ सो रहे थे। देर रात चोर घर के पीछे से छत पर चढ़े और सीढ़ी से नीचे उतर आए। इसके बाद चोरों ने उन कमरों के दरवाजों कि बाहर से कुंडी लगा दी, जिसमें परिवार के लोग सो रहे थे। फिर चोर एक कमरे में रखें बॉक्स को उठा ले गए। घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्थित चुनुगपार गांव स्थित कब्रिस्तान के पास तोड़कर सारा माल उठा ले गए। इस बॉक्स में 10 अंगूठी, 4 सोने का हार, 20 ग्राम सोना, 2 किलो चांदी के अलावा 50,000 रुपये नकद रखे हुए थे। बुधवार की सुबह परिवार को लोग जब



सो कर उठे तो कमरे का दरवाजा बाहर से बंद पाया। परिजनों के शोर मचाने पर पास पड़ोस के लोग किसी तरह छत पर चढ़कर पीढ़ी के रास्ते घर में आए दरवाजे की कुंडी खोल कर परिजनों को बाहर निकाला। पीड़ित ने बताया कि चोर लगभग 16.50 लाख के जेवरात व 50 हजार नकदी पर हाथ साफ किए हैं। घटना के बाबत पीड़ित में जीयनपुर कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

## डेंगू से पूर्व समाज कल्याण अधिकारी की मौत : 16 नए केस मिले

प्रयागराज ब्यूरो : डेंगू से पूर्व समाज कल्याण अधिकारी डीएन राम की मौत हो गई। उनका लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। वह 2019 में सेवानिवृत्त हुए थे और सिविल लाइंस में रहते थे। इसके साथ ही मंगलवार को डेंगू से 16 नए मरीज मिले हैं। इससे जिले में डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 835 हो गई है। पूर्व समाज कल्याण अधिकारी डीएन राम की तबीयत कई दिन पहले खराब हुई थी। उपचार के लिए उन्हें लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार को उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। उनके निधन पर विकास भवन के कर्मचारियों ने शोक जताया और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उधर, मलेरिया विभाग की रिपोट के मुताबिक मंगलवार को डेंगू के 16 नए पॉजिटिव मिले हैं। इसमें फाफामऊ में दो, स्वराजनगर, सलोरी, म्योराबाद, शंकरघाट, बड़ी बगिया, तेलियरगंज, सुलेम सराय, चिल्ला गोविंदपुर, दारागंज, राजापुर, फूलपुर, कोरांव, चाका और सोरांव में एक–एक संक्रमित मिले हैं। इनमें से आधा दर्जन संक्रमित अस्पतालों में भर्ती हैं। जबकि, बाकी का घर पर उपचार चल रहा है। इसके पहले भी हो चुकी है तीन मौतें। जिले में इस साल डेंगू से इसके पहले भी तीन मौतें हो चुकी हैं। इसमें एक दरोगा भी शामिल है। हालांकि, दरोगा के डेंगू की जांच मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की लैब में नहीं हुई थी। इस वजह से उसे पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया। जबकि दूसरी मौत ग्रामीण इलाके रहने वाले व्यक्ति की हुई थी। तीसरी मौत दो दिन पहले सदर क्षेत्र की रहने वाली अंशु देवी की हुई है। महिला निजी अस्पताल में भर्ती थी और उसकी डेंगू की जांच निजी अस्पताल में कराई गई थी। मेडिकल कॉलेज में डेंगू की जांच न होने से उसे भी रिकार्ड में नहीं दर्ज किया गया।

## उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक भर्ती 2016 के प्रशिक्षु दरोगा बावर्दी भीख मांगते समय पुलिस ने भेजा यूको गार्डन


आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती 2016 के प्रशिक्षुओं का धरना अनवरत 77 दिनों से चल रहा है। आज प्रशिक्षु दरोगा ट्रेनिंग में प्राप्त वर्दी पहनकर जैसे ही सचिवालय तथा हजरतगंज के मार्केट में पहुंचकर भीख मांगना प्रारम्भ किया पहले से ही तैयार पुलिस कर्मियों ने उन्हें तत्काल पकड़ कर गाड़ियों में भर कर इको गार्डन में पूरे दिन के लिए बंद कर दिया। प्रशिक्षुओं ने कहा कि सरकार ना तो हमारी सुन रही ना ही कोई सकारत्मक कदम हमारी नियुक्ति के लिए उठा रही और ना ही हमें भीख मांगने दे रही। ये सरकार पूर्णतया तानाशाही प्रकृति अपनाए हुए है और केवल जनता को झूठा प्रचार दिखा कर बरगलाने का कार्य कर रही । प्रशिक्षुओं ने सरकार के रवैये को देखते हुए आज यह निर्णय लिया है कि प्रशिक्षु धरना समाप्त कर आने वाले चुनाव में भाजपा सरकार की नाकामियों को गिनाएंगे और जिस प्रकार से सरकार 2017 के पहले



निकली भर्तियों को फसाए रखी है इस से द्वेष की राजनीति दिख रही है। प्रशिक्षु अब विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के साथ मिलकर भाजपा के विरुद्ध प्रचार का कार्य करेंगे। उपरोक्त सूचना प्रशिक्षु उप निरीक्षक विजय यादव द्वारा दी गयी है।

## कुड़िया घाट पर किया गया मूर्ति विसर्जन

आर एल पाण्डेय लखनऊ। आज तीसरे दिन दिनांक 9.11.2021 को पुनः ससम्मान श्री गणेश लक्ष्मी जी एवं अन्य देवी देवताओं की मूर्ति विसर्जन का अभियान कुड़िया घाट पर गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा सम्पन्न किया गया। आज विश्वास खंड 1,2,, सुलभ आवास योजना, सेक्टर 1, विजय खंड–1, लोहिया पार्क के पास , विशाल खंड– 4 – 5, विशालेश्वर समिति, विपुल खंड 2 – 3, दयाल पैराडाइज, विराट खंड–1, विनीत खण्ड –2, विराज खण्ड–1, 2, 3, 4, गंगा विहार, विजयन्त खण्ड –3 आदि समितियों के अध्यक्ष व सचिव के द्वारा एकत्र की गई 50000 से अधिक मूर्तियों को विसर्जित किया गया। यह अभियान अगले 5 दिनों तक लगातार चलता रहेगा। महासमिति के महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ल ने सभी समितियों से आग्रह किया है कि प्रतिदिन मूर्तियों का एकत्रीकरण करके निश्चित स्थान पर महासमिति द्वारा चिन्हित पर या महासमिति के कार्यालय 3ध127 विवेक खंड गोमतीनगर पर प्रतिदिन 3 बजे तक अवश्य पहुचाएं ताकि मूर्तियों को ससम्मान सायं काल 4 से 6 बजे तक विसर्जित किया जा सके। इस संबंध में महासचिव ने विशेष



रूप से माताओं बहनों व बच्चों , गोमती नगर के सम्भ्रान्त नागरिकों को अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया है। आज के विसर्जन कार्यक्रम में डॉ0 राघवेंद्र शुक्ल महासचिव, सी0जी0 नायर, आलोक मिश्रा, मनोज मिश्रा, अमित शर्मा आई0 टी0 प्रभारी, विनोद कुमार तिवारी, के0के0 पांडेय, बलवंत सिंह, आशीष सिंह, ऋषभ कश्यप, नंदिनी मिश्रा, प्रतिभा शाही, श्रीमती अंजलि उपाध्याय, वर्तिका शर्मा,आदि कार्यकर्ताओं ने कारसेवा में सहयोग दिया।महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ल ने गोमतीनगर नगर विस्तार व ग्रामीण अंचल के नागरिकों से अपील किया है कि इस पर्यावरण संरक्षण हेतु सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक तथा पुण्य के इस कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## सीएमएस गोमती नगर प्रथम कैंपस में 11 नवंबर को अपराहन 1:15 बजे होगी प्रेस कॉन्फ्रेंस

आर एल पाण्डेय लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का 22वाँ अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' आगामी 19 से 22 नवम्बर 2021 तक ऑनलाइन आयोजित किया जा रहा है। 'भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51' पर आयोजित इस ऐतिहासिक सम्मेलन में 50 देशों के मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश व कानूनविद् आदि प्रतिभाग कर रहे हैं। इसके साथ ही, विभिन्न देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, पार्लियामेन्ट के स्पीकर, न्यायमंत्री आदि भी सम्मेलन की गरिमा को बढ़ायेंगे। अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन के संयोजक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी, संस्थापक, सी.एम.एस., इस ऐतिहासिक सम्मेलन की विस्तृत जानकारी पत्रकार बन्धुओं को देना चाहते है। इस हेतु एक प्रेस कॉन्फ्रेन्स का आयोजन दिनाँक 11 नवम्बर 2021, वृहस्पतिवार को अपरान्हः 1.15 बजे सी.एम.एस. गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) ऑडिटोरियम में किया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेन्स की स्वीकृति नियमानुसार ले ली गयी है। प्रेस कॉन्फ्रेन्स के उपरान्त सम्मानित पत्रकार बन्धु दोपहर के भोजन पर सादर आमन्त्रित हैं। उक्त जानकारी सिटी मांटेसरी स्कूल के जन–संपर्क अधिकारी पंडित हरि ओम शर्मा ने दी।

## अहम हैं भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति के निहितार्थ उत्तर प्रदेश में हिंदुत्व और कानून–व्यवस्था : हो सकता है मुख्य चुनावी मुद्दा

लखनऊ ब्यूरो : भारतीय जनता पार्टी की पिछले दिनों दिल्ली में हुई राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक से निकले निहितार्थ उत्तर प्रदेश के लिए काफी अहम नजर आ रहे हैं। संकेतों में ही सही, लेकिन भाजपा हाईकमान ने कुछ महीनों बाद होने वाले विधानसभा चुनाव की तस्वीर को लेकर बहुत कुछ साफ करने की कोशिश की है। नेतृत्व से लेकर नीति और निर्णयों तक पर पार्टी का नजरिया लोगों के सामने रख दिया है। बता दिया है कि विधानसभा चुनाव में भाजपा हिंदुत्व, कानून–व्यवस्था और योगी आदित्यनाथ के चेहरे के साथ ही मैदान में उतरेगी। राजनीति में प्रतीकों का बड़ा महत्व होता है। भाजपा हाईकमान ने राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में उत्तर प्रदेश से सीएम योगी को बुलाकर तथा प्रदेश से राष्ट्रीय कार्यसमिति के शेष सदस्यों को वर्चुअली जोड़कर तथा योगी से राजनीतिक प्रस्ताव प्रस्तुत कराकर इसी प्रतीकात्मक रणनीति पर काम किया है। किसी भी राष्ट्रीय राजनीतिक दल का राजनीतिक प्रस्ताव वह दस्तावेज होता है जो उस पार्टी की रीति नीति को ध्वनित करता है। इसको देखते हुए जिस तरह योगी को दिल्ली बुलाकर भाजपा ने अपनी शीर्ष बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव रखवाया उसके निहितार्थ महत्वपूर्ण हैं। ये हैं निहितार्थ। भाजपा हाईकमान ने इस बहाने यह बताने की कोशिश की है कि पार्टी योगी की राजनीतिक दिशा व दृष्टि के साथ पूरी तरह खड़ी है। मतलब, यूपी चुनाव में हिंदुत्व और मुख्तार अंसारी से लेकर अतीक अहमद जैसे आपराधिक छवि वालों के साथ प्रदेश सरकार के रवैये एवं मुकीम काला व विकास दुबे के एनकाउंटर जैसे कामों से कानून–व्यवस्था के मोर्चे पर किए गए उनके फैसले पूरी तरह ठीक हैं। निहितार्थ साफ है कि योगी की नेतृत्व क्षमता पर दिल्ली का भरोसा बढ़ा है। इसलिए चुनाव में भाजपा उनके काम और चेहरे के साथ ही मैदान में उतरेगी।यह है वजह। राजनीतिक शास्त्री प्रो. एस. के. द्विवेदी कहते हैं कि योगी आदित्यनाथ ने अपने कार्यकाल में किए कामों से न सिर्फ भाजपा की राजनीति के लिहाज से जरूरी हिंदुत्व के एजेंडे को मजबूत किया है बल्कि कैराना के पलायन के मुद्दे सहित कानून–व्यवस्था पर निर्णयों पर भी अपनी नेतृत्व क्षमता साबित की है। इसके साथ ही कोरोना संकट के दौरान लोगों की दवाई व रोजी–रोटी के लिए जिस तरह वह सक्रिय दिखे और काम किए, उससे भी उन्होंने अपनी क्षमता साबित कर दी है। साथ ही 2017 में उन पर सवाल खड़े करने वालों को भी सटीक जवाब दे दिया है। उनका संन्यासी होना हिंदुत्व के एजेंडे पर उन पर लोगों का भरोसा ज्यादा ही बढ़ाता है। ऐसे में भाजपा नेतृत्व के लिए भी जरूरी था कि वे लोगों को अगली सरकार की वरीयता और नेतृत्व करने वाले चेहरे के बारे में अभी से स्पष्ट संदेश दे दें। ये भी हैं कारण। दरअसल, भाजपा के हिंदुत्व के एजेंडे पर कोई संदेश यूपी से ही निकलता है। श्रीराम जन्मभूमि, श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ की धरती होने के साथ हिंदू समाज की आस्था से जुघ्ड़े अन्य तमाम प्रमुख स्थल और नदियां भी यहीं हैं। सिर्फ हिंदू आस्था ही नहीं बल्कि जैन पंथ के प्रवर्तक ऋषभ देव, बुद्ध और कबीर की धरती भी उत्तर प्रदेश ही है। योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनने के बाद जिस तरह इनसे जुड़े स्थलों के विकास उनके सांस्कृतिक सरोकारों के साथ काम किया है उसके चलते केंद्रीय नेतृत्व को समग्र हिंदुत्व के समीकरणों पर देश भर में काम करने के साथ चुनावी लड़ाई को 60 बनाम 40 बनाने में सहूलियत हुई है। इसलिए हाईकमान का योगी के नेतृत्व पर भरोसा बढ़ना स्वाभाविक है। राजनीति में संदेशों का काफी महत्व होता है। जाहिर है कि योगी से सिर्फ उत्तर प्रदेश के नहीं बल्कि दूसरे राज्यों के समीकरण साधने में भी भाजपा को मदद मिलेगी।

# बेसिक शिक्षा में बदलाव ला रहे हैं नवाचारी शिक्षक : डॉ अंकिता राज

जौनपुर सू.वि. : प्रेरणा के अन्तर्गत शिक्षकों के नवाचारी प्रयास एवं बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास के उद्देश्य से, बेसिक शिक्षा विभाग एवं एडुस्टफ यू०पी० के तत्वावधान में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय संगोष्ठी 'श्स्फुरणश् के आज दूसरे दिन आकांक्षा समिति अध्यक्ष डा अंकिता राज ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एडुस्टफ समूह की सह–संयोजक सविता सिंह द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० गोरखनाथ पटेल ने पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया तथा सभागार में उपस्थित सभी शिक्षकगणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज बेसिक शिक्षा में शिक्षकों ने नये नये नवाचार करके शिक्षण कार्य को बहुत बेहतर बना रहे है। उन्होंने सभी शिक्षकों से कहा कि आदर्श शिक्षकों द्वारा किये गये सकारात्मक प्रयास व प्रस्तुति से सभी लोग प्रेरणा ले। जिससे बेसिक शिक्षा का उत्थान हो। मुख्य अतिथि डा अंकिता राज ने एडुस्टफ के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऊर्जावान शिक्षकों द्वारा जो भी नवाचारी कार्य किया जा रहा है वो बहुत ही सराहनीय है निश्चित रूप से आज बेसिक शिक्षा में जो बदलाव की बयार महसूस की जा रही है वह आम जनमानस प्राथमिक स्तर पर बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में अपने पाल्यों के नामांकन को कराने के लिए सकारात्मक सोच



को मजबूत कर रहा है। विशिष्ठ अतिथि मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक, अवध किशोर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक आर के पंडित व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वाराणसी राकेश सिंह ने भी सम्बोधित करते हुए शिक्षकों को उत्साहित व प्रेरित किया। विभिन्न जनपदों से आये चयनित शिक्षकों ने अपने नवाचारी प्रयास की पीपीटी प्रस्तुत की जिन्हें उपस्थित शिक्षकों द्वारा बहुत सराहा गया। कार्यक्रम के बीच बीच मे शिक्षकों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई, जिसमें झांसी के रविकांत व जार्ज एंथनी ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रतिभाग करने वाले प्रदेश के सभी माडल शिक्षको को अंगवस्त्रम, स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन धीरज सिंह ने किया। एडुस्टफ की संयोजक प्रीति श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रदेश के सभी जनपदों के नवाचारी शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

# दीनदयाल फाउंडेशन संस्था ने जिले के अधिकारियों को किया सम्मानित

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : राज्यपाल द्वारा सम्मानित संस्था दीनदयाल फाउंडेशन द्वारा जनपद जौनपुर के अधिकारियों को सम्मानित किया। संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष श्री हेमन्त



पाण्डेय जी व सहयोगी पदाधिकारियो द्वारा जनपद जौनपुर के जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार वर्मा, तथा उपजिलाधिकारी मछलीशहर सुश्री ज्योति सिंह व थानाध्यक्ष मछलीशहर श्री दिनेश प्रकास पाण्डेय जी को अंगवस्त्रम एवं दीनदयाल फाउंडेशन सेवा सम्मान/स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। संस्था द्वारा सम्मानित होने पर अधिकारियों ने संस्था के अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। उक्त अधिकारियों ने संस्था को उच्च शिखर तक पहुचने का आशीर्वाद देते हुए फाउंडेशन के प्रति सहयोग के लिए भी आश्वस्त किया तथा संस्था में सहयोग करने व मार्गदर्शन के लिए सदैव तत्पर भूमिका का निर्वहन करने का भी आश्वासन दिया। इस सुअवसर पर संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष श्री हेमन्त पाण्डेय जी, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अरुण तिवारी, जिला संगठन मंत्री दया यादव जी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और डॉक्टर अंकिता राज नें बेटी आव्या का तीसरा जन्म दिवस जिला महिला अस्पताल में मनाया गया

जौनपुर सू.वि. : पूर्व की भांति एक बार पुनः जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और डॉक्टर अंकिता राज द्वारा समाज में एक नया उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपनी बेटी आव्या का तीसरा जन्म दिवस जिला महिला अस्पताल में चिकित्सकों, परिजनों और मीडिया बंधुओं के साथ केक काटकर मनाया गया और उपहार स्वरूप सभी नवजात शिशुओं को ऊनी वस्त्र प्रदान किया। इसके साथ ही 10 नवंबर, 2018 की याद पुनः ताजा हो गई जब कौशांबी के जिला अस्पताल में डॉक्टर रेखा यादव द्वारा सुरक्षित व सकुशल प्रसव कराते हुए डॉक्टर अंकिता राज ने नन्ही सी परी को जन्म दिया था। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा जनपद वासियों से अपील की है कि सरकारी अस्पताल में ही सुरक्षित प्रसव कराएं और सरकार द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं में भागीदारी निभाएं। डा० अंकिता राज ने अस्पताल में उपस्थित समस्त चिकित्सको और परिजनों के प्रति आभार व्यक्त किया और उपस्थित



परिजनों को बधाई व शुभकामना दिया जिन्होंने प्रसव के लिए महिला जिला चिकित्सालय को चयनित किया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, डॉक्टर संदीप बाल रोग विशेषज्ञ, प्रभारी सी. एम.एस. डॉक्टर शोभना दुबे, डॉ विनोद कुमार, डॉ आशीष, पूनम पाठक, सीमा सिंह सहित मीडिया बंधु उपस्थित थे।

# बच्चों के मन, व्यवहार में मौलिक कर्तव्य डालें–हिमांशु नागपाल

जौनपुर सू.वि. : बेसिक शिक्षा विभाग जौनपुर एवं एडुस्टफ यू०पी० के तत्वावधान में दो दिवसीय राज्य स्तरीय संगोष्ठी 'स्फुरण' स्थान आर्यभट्ट सभागार पूर्वांचल विश्वविद्यालय में देर रात्रि में समापन समारोह सम्पन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल रहें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षकों के नवाचारी प्रयास एवं बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास के उद्देश्य से ये संगोष्ठी हुई। यहां प्रदेश के अधिकांश जनपदों के माडल शिक्षको द्वारा जो नवाचार प्रस्तुत किया गया। उससे अन्य शिक्षको को भी एक– दूसरे से कुछ सीखने का अवसर मिला, निःसंदेह इससे अन्य शिक्षक भी प्रेरणा लेगें। और बच्चों का बेहतर भविष्य बनाने में सफलता मिलेगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल ने कहा कि बेसिक शिक्षा में शिक्षकों को बराबर बीच बीच में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जिससे शिक्षण कार्य समय के साथ बेहतर होता रहें। ये संगोष्ठी बेसिक शिक्षा के विकास में सही साबित होगी। आगे उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों का मानसिक विकास करते हुए उनका आत्मविश्वास बढाये। जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। आगे उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए अपने बच्चों को मौलिक कर्तव्य जरुर बताये, उनके मन व व्यवहार में मौलिक कर्तव्य डालें तो शिक्षा में ये सबसे बड़ा योगदान होगा। इस अवसर पर प्रतिभाग करने वाले माडल शिक्षको को अतिथियों ने अंग वस्त्र पहना कर प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह् प्रदान कर सम्मानित किया गया। विभिन्न जनपदों से आये शिक्षकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए सभी को मोह लिया। संगोष्ठी की खघस बात रही कि मिशन शक्ति की बेसिक शिक्षा से चारो एवार्डी व प्रदेश के विभिन्न जनपदों के नेशनल व स्टेट एवार्डी शिक्षक सहित एडुलीडर, मिशन शिक्षण संवाद, शान्ति फाउण्डेशन, सुपर नोवा आदि ग्रुपों सहित उत्कृष्ट शिक्षको ने सहभागिता किया। एडुस्टफ संयोजक प्रीति श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक अवध किशोर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वाराणसी राकेश सिंह, जिला समन्वयक प्रशिक्षण सुरेश पाण्डेय, खण्ड शिक्षा अधिकारी अविनाश सिंह, जय कुमार, सत्य प्रकाश सिंह, राजीव कुमार यादव, पंकज यादव, प्रिया पाण्डेय, सहित सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी, राजीव सिंह, सै मो मुस्तफा, सविता सिंह, रेनू जायसवाल सहित लगभग सभी जनपदों के नवाचारी शिक्षक उपस्थित रहे।

# सिरकोनी में महिलाओं की जागरूकता संबंधी कार्यक्रम किया गया आयोजित

जौनपुर सू.वि. : आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 09 नवम्बर 2021 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और मिशन शक्ति फेस 3 के तहत खंड विकास सभागार सिरकोनी में महिलाओं की जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती शशि मौर्या जी उपस्थित हुई। उन्होंने महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि समाज में बालक और बालिकाओं में कोई भेद नहीं है किंतु कुछ विकृति मानसिकता के लोग हैं, जिनके कारण आज भी महिलाओं को डर बना रहता है जिसके चलते महिलाओं को आगे लाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षा एक उपयुक्त माध्यम है। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव शिवानी रावत द्वारा महिलाओं को उनके अधिकार से संबंधित समस्त जानकारियां प्रदान की गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से अवगत कराया गया तथा जीरो एफ0आई0आर के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि, जीरो एफआईआर बिल्कुल एफआईआर की ही तरह है, दोनों में अंतर बस इतना है कि एफआईआर उसी जगह के पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई जा सकती है, जहां पर घटना हुई है जबकि जीरो एफआईआर आप कहीं पर भी दर्ज करा सकते हैं। जीरो एफआईआर में पुलिस को शिकायत के आधार पर केस दर्ज करना होगा। केस दर्ज होने के बाद इसे संबधित थाने में ट्रांसफर कर दिया जाता है। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, सीडीपीओ सिरकोनी, टीडी कॉलेज की मनोविज्ञान की शिक्षिका, बाल संरक्षण अधिकारी, जिला समन्वयक, बेसिक शिक्षा विभाग से शिक्षिकाएं व आंगनबाड़ी, कार्यकत्री, आशा तथा अन्य महिलाओं द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

## थाना रामपुर पुलिस ने आने जाने वाली महिलाओं पर फब्तिया कसने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी , पुलिस अधीक्षक जौनपुर के अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण तथा महिला सशक्तिकरण अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के निर्देशन तथा थानाध्यक्ष रामपुर के कुशल नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण अभियान के



दौरान बरसठी तिराहा रामपुर में आने जाने वाली महिलाओं पर फब्तिया कसने वाले अभियुक्त सुरज चौहन पुत्र बाबा चौहान निवासी रामपुर थाना रामपुर जौनपुर को हिरासत में ले आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 186/21 धारा 294 भादवि पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1. सुरज चौहन पुत्र बाबा चौहान निवासी रामपुर थाना रामपुर जौनपुर। गिरफ्तारी टीम– 1. थानाध्यक्ष श्री ओमनारायण सिंह थाना रामपुर जौनपुर। 2. हे0का0 अखिलेश यादव थाना रामपुर जौनपुर। 3. का0 आकाश चौहान थाना रामपुर जनपद जौनपुर। 4. का0 सुभाष विक्रम थाना रामपुर जनपद जौनपुर।

# भारत में कोरोना मैनेजमेन्ट को लेंकर बाइडन से लोग कह रहे भारत से सीखो: डॉ. दिनेश शर्मा

अलीगढ़ ब्यूरो : सीबी गुप्ता सरस्वती विद्यापीठ के वार्षिक समारोह में उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि दुनिया के देश उत्तर प्रदेश में कोरोना मैनेजमेंट पर शोध कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से वहां के लोग कह रहे हैं कि वैक्सीन कैसे बनती है और लगती है, यह भारत से सीखो। उन्होंने कहा कि भारत ने 100 करोड़ वैक्सीन लगाने का आंकड़ा पार कर दिया है। हमने फ्री में जनता को टीका लगवा दिया। कोवाक्सिन को आज डब्लूएचओ, यूरोप एवं दुनिया के देश प्रमाण पत्र दे रहे हैं। पहले भारत दूसरे देशों के सामने हाथ फैलाता था, आज भारत के सामने दुनिया के देश हाथ फैलाकर खड़े हैं। एक, दो, तीन और कश्मीर फ्री। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस जम्मू–कश्मीर के लाल चौक पर झंडा फहराना सपना था। आज जम्मू कश्मीर एवं मणिपुर में भारत की जय जयकार हो रही है। लोग कहते थे कि अनुच्छेद 370 हटा तो जम्मू कश्मीर हाथ से निकल जाएगा। 70 मिनट में अनुच्छेद 307 हट गया। परिंदा भी पर नहीं मार सका। एक, दो, तीन और कश्मीर फ्री हो गया। 43 देशों के बच्चे उत्तर प्रदेश में प्राप्त कर रहे शिक्षा। सरकार की स्पष्ट नीति है कि देश की मेधा शक्ति का पलायन रुके। आज 43 देशों के बच्चे उत्तर प्रदेश में शिक्षा ले रहे हैं। प्रदेश में पूंजी निवेश के अवसर बढ़े हैं और 250 मेगावाट का डाटा सेंटर नोएडा में स्थापित किया गया है। आज उत्तर प्रदेश आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक का हब बना हुआ है और लाखों लोगों को रोजगार मिला है। 63 जिलों में नए मेडिकल कॉलेजों के स्थापना की कार्यवाही प्रारंभ हो गई है। सभी 75 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना है। आज देश का किसान भी डिजिटल लेन–देन की बात कर रहा है। जन–धन खातों के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ किसानों के खातों में सम्मान निधि का पैसा भेजा जा रहा है। देरी से आने के लिए मांगी माफी। उप मुख्यमंत्री निर्धारित समय से करीब तीन घंटे विलंब से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। सीबी गुप्ता सरस्वती विद्यापीठ के वार्षिक समारोह के मंच पर पहुंचे तो सबसे पहले उन्होंने उपस्थित अभिभावक, छात्रों, शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं की ओर मुखातिब होकर क्षमा मांगी। उन्होंने कहा कि वह हर काम समय से करते हैं। यहां आने के लिए समय से रवाना हो गए थे। लेकिन दृश्यता में व्यवधान के कारण अनायास व्यवधान हुआ। बीजेपी का काम बोल रहा है, यही विपक्ष के दुख का कारण। उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि आज भाजपा का काम बोल रहा है। करोड़ों लोग चिल्ला–चिल्ला कर मोदी एवं योगी की तारीफ कर रहे हैं। यही विपक्ष के दुख का कारण है।



उन्होंने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि भाजपा की प्राथमिकता किसान और कृषि है। किसानों के हित में कार्य कर रहा है। बीजेपी ने शिलान्यास भी किया और लोकार्पण भी किया। नाटक देखकर आंखों में आए आंसू। सीबी गुप्ता सरस्वती विद्यापीठ के बच्चों ने वार्षिक समारोह में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पाश्चात्य विचार एवं जीवन से प्रभावित बच्चों एवं अभिभावक की स्थिति पर प्रस्तुत नाटक को देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखों से आंसू छलक पड़े। असम, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय के बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। उल्लेखनीय है कि केशव सेवा धाम में पूर्वांचल के 70 बच्चे अभी पढ़ाई कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा अलग से बच्चों के साथ बैठे और उनके साथ मंत्रों का उच्चारण किया। शारदा ई–लाइब्रेरी का उद्घाटन। केशव सेवा धाम में कोल विधान सभा क्षेत्र के विधायक अनिल पाराशर ने विधायक निधि से शारदा ई लाइब्रेरी का निर्माण कराया है, जिसका उद्घाटन उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने किया। अनिल पाराशर ने बताया कि ई–लाइब्रेरी में एक साथ तीस बच्चे बैठकर पढ़ाई कर सकते हैं। यहां वाई–फाई सुविधा उपलब्ध होगी। आसपास के बच्चे सामान्य पाठ्यक्रस्म के अतिरिक्त प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी यहां बैठकर कर सकते हैं। विद्यालय से संबंधित समस्याओं पर विचार। केशव सेवा धाम में उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा की मौजूदगी में विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों से संबंधित समस्याओं एवं उसके समाधान पर विचार किया गया। क्षेत्र अध्यक्ष मनवीर सिंह और प्रांत संगठन मंत्री हरिशंकर मौजूद थे। इसके अतिरिक्त उप मुख्यमंत्री ने विभाग टोली के साथ बैठक कर हाथरस एवं अलीगढ़ जिले के आगामी परिदृश्य पर चर्चा की। विभाग प्रचारक जीतेंद्र, विभाग संचालक राजकुमार एवं विभाग कार्यवाह ललित आदि मौजूद थे। ये रहे मौजूद। जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह, मीना कुमारी, रामसखी कठेरिया, श्रीचंद शर्मा, श्यौराज सिंह, ई. राजीव शर्मा, गोपाल सिंह, प्रधानाचार्य कुमुदेश कुमार, वैभव गौतम, चंद्रमणि कौशिक, श्योराज सिंह, अनिल गुप्ता, डॉ. राजीव अग्रवाल, संजीव विजयवर्गीय, अभय प्रताप सिंह, प्रमोद गर्ग, मधुलिका राघव, आशुतोष वार्ष्णेय आदि।

# थाना कोतवाली पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में आगामी त्यौहार के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण एवं दिशा – निर्देशन में थाना कोतवाली जौनपुर पुलिस द्वारा एक नफर वारंटी अभि0 विनोद राठौर पुत्र गनेश नि0 भण्डारी थाना कोतवाली,जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार किये गये अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त थाना हाजा का एच0एस0 है जिसका एच0एस0 नं 3 बी है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. अभि0 विनोद राठौर पुत्र गनेश नि0 भण्डारी थाना कोतवाली,जनपद जौनपुर। मु0नं0– मु0न0 112/10 धारा 489 भा0द0वि0 स्टेट बनाम विनोद राठौर ता0 पेशी 23.11.21 श्री मान ASJ 4 जौनपुर। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0 407/08 धारा 489 सी भादवि थाना कोतवाली जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली टीम–1. उ0नि0 रोहित कुमार मिश्रा मय हमराह चौकी प्रभारी भण्डारी थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। 2. का0 अंकित कुमार सिंह थाना कोतवाली जौनपुर।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार भेजे गए जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जफराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार को स्कूल से घर लौटते समय नाबालिग लड़की के साथ हुई दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले दो वांछित




अभियुक्तों बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है। इस मामले में जानकारी देते हुए बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ संजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी के निर्देश पर अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर जितेंद्र दुबे व थाना अध्यक्ष जफराबाद योगेन्द्र सिंह द्वारा मंगलवार को नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपियों को बुधवार को थाना क्षेत्र के उत्तरगांवा बाजार से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में संदीप कुमार विश्वकर्मा 30 वर्ष पुत्र लालचन्द्र विश्वकर्मा व अमित विश्वकर्मा 23 वर्ष पुत्र स्व0 रामकुमार विश्वकर्मा निवासीगण उत्तरगांवा थाना जफराबाद को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। इनके ऊपर पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जा रहा है।

# आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत अखिल भारतीय विधिक जागरूकता एवं जनसम्पर्क अभियान

जौनपुर सू.वि. : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव (दिनांक 02.10.2021 से दिनांक 14.11.2021) के अर्न्तगत अधिल भारतीय विधिक जागरूकता एवं जनसम्पर्क अभियान के तहत विधि सेवा सप्ताह (दिनांक 08.10.2021 से दिनांक 14.11.2021) तक मनाये जाने के अनुक्रम में "विधिक सेवा दिवस" 09 नवम्बर 2021 के अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मदन पाल सिंह के कुशल निर्देशन में राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत एवं सदस्य राज्य महिला आयोग श्रीमती शशी मौर्या की संयुक्त अध्यक्षता में सभागार विकास खण्ड सिरकोनी, जौनपुर में "महिला सशक्तिकरण एवं महिला विधिक जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बुद्धिराम, अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत जौनपुर द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत, द्वारा राष्ट्रीय/ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं/परियोजनाओं की जानकारी देते हुए प्राधिकरण की संरचना, इसके उद्देश्य व कार्यो को बताया गया। महिलाओं के कानूनी अधिकारों के बारे में बताते हुए कहा गया कि भारतीय संविधान में महिलाओं को पुरूषों के समान पारिश्रमिक का अधिकार, पति अथवा रिश्तेदारों के खिलाफ घरेलू हिंसा से सुरक्षा का अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अधिकार, रात में गिरफ्तार न होने का अधिकार, सम्पत्ति में बराबरी का अधिकार, मुफ्त कानूनी सहायता का अधिकार है। उनके द्वारा कहा गया कि अधिकांश महिलायें शिक्षित होने के बावजूद भी अपने कानूनी अधिकारों से अनभिज्ञ हैं, जिसके कारण उन्हें समय से कानूनी सहायता नहीं मिल पाती है फलस्वरूप उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होने कहा कि समाज में महिलाओ से सम्बन्धित विशेष रूप से बाल विवाह एवं दहेज जैसी दो कुप्रथाएॅ प्रभावी हैं। ये दोनों कुप्रथाएॅ समाज को कमजोर कर रही हैं सभी लागों को इस कुप्रथा के खिलाफ लड़ाई शुरू करने की जिम्मेदारी बनती है। सदस्य राज्य महिला आयोग श्रीमती शशी मौर्या द्वारा बताया गया कि आयोग द्वारा महिलाओं के लिये उपबन्धित सुरक्षा उपायों की जॉच एवं परीक्षण करना तथा आवश्यक संशोधनों की शिफारिश करना है। किसी भी प्रकार आवश्यकता होने पर राज्य महिला आयोग को पत्र प्रेषित कर सहायता प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदान करायी जाने वाली अन्य सहायता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार द्वारा राज्य सरकार की विधवा पेंशन योजना, महिला हेल्पलाइन, मुख्यमन्त्री बालसेवा योजना व अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करायी गयी। खण्ड विकास अधिकारी सिरकोनी प्रवीण कुमार तिवारी द्वारा ग्रामीण आवासीय योजना, शौचालय व अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। रिसोर्स परसन्स अधिवक्ता श्रीमती रंजिता शर्मा एवं श्रीमती सविता सिंह यादव द्वारा विधवा व निराश्रित महिलाओं तथा यौन शोषण व घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं हेतु चलायी जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया। पैनल अधिवक्ता देवेन्द्र यादव द्वारा मध्यस्थता, भरण पोषण, लोक अदालत के बारे मे जानकारी प्रदान की गयी। डा0 श्रीमती माया सिंह, मनोचिकित्सक द्वारा महिलाओं को जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री, आशा बहू सहित लगभग 250 महिलाओं द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

# मल्हनी बाजार में बैंक जा रही छात्रा का सरेराह अपहरण : परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर खोजने की लगाई गुहार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मल्हनी बाजार बैंक में पैसा जमा करने के लिए निकली रास्ते से लड़की का अपहरण कर लिया गया। परिजनों ने अपहरण किए जाने की तहरीर पुलिस को दी। लेकिन दूसरे दिन तक भी छात्रा का कही पता नहीं चल सका। जबकि लड़की ने अपने परिजनों को दो बार अपहरण किए जाने की सूचना फोन से दिया। जानकारी के अनुसार एक गांव की 19 वर्षीय स्नातक की छात्रा मंगलवार को अपराहन मल्हनी बाजार के बैंक ऑफ बड़ौदा में पैसा जमा करने के लिए घर से अकेले निकली थी। लेकिन वह शाम तक वापस नहीं लौटी। जिसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी।और सूचना मल्हनी बाजार में तैनात पुलिस को दिया। काफी तलाश के बाद उसका पता नहीं चला और परिजनों ने छात्रा के अपहरण की जाने की सूचना शाम को छात्रा के पिता ने लिखित तहरीर पुलिस को दी। लेकिन मल्हनी बाजार में तैनात पुलिस सक्रिय नहीं हुई। उसके बाद रात को आठ बजे छात्रा ने अपने पिता को मोबाइल पर फोन किया,बताया कि उसका कुछ लोगों ने अपहरण कर एक कमरे में बंद किया है । उसके बाद मोबाइल बंद हो गया ।फिर बुधवार को सुबह 8 बजे उसी नंबर से लड़की के पिता के मोबाइल पर कॉल आता है, लड़की बतायी कि उसे किसी सुनसान स्थान पर रखा है और कमरे के बाहर कुछ लोग खड़े हैं ।लेकिन पता मुझे नहीं मालूम है। उसके बाद फिर मोबाइल स्विच ऑफ हो जाता है। छात्रा के पिता ने कहाँ कि उसकी बेटी का अपहरण हुआ है । और अनहोनी की आशंका जताई। थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह का कहना है की प्राथमिकी दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही मामला साफ हो जाएगा।

# महंगाई के विरोध में वामपंथी दलों ने दिया धरनाः जनसमस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : बेतहाशा बढ़ती महंगाई पर लगाम, खाद की किल्लत दूर करने, कालाबाजारी रोकने, धान खरीद की गारंटी, बाढ़ और तूफान से बर्बाद फसलों का मुआवजा तथा जनता के हक में आवाज उठाने वाले नेताओं का दमन रोकने जैसे मुद्दों को लेकर वामपंथी दलों के नेताओं ने मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन के दौरान केंद्र व प्रदेश सरकार को जमकर खरी खोटी सुनाई। भाकपा जिला सचिव राम तीर्थ पाठक, माकपा जिला सचिव अशोक यादव, भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद की अध्यक्षता और भाकपा राज्य काउंसिल सदस्य अशोक कुमार तिवारी के संचालन में आयोजित धरने में वक्ताओं ने कहा कि कमरतोड़ मंहगाई ने आम आदमी का जीना दूभर कर दिया है। इस मंहगाई ने दाल– तेल के बाद आलू भी थाली से गायब कर दिया है।रसोई गैस के बढ़ते दामों ने मोदी सरकार के महिला प्रेम को उजागर कर दिया है। उप चुनाव के हार से डरी भाजपा सरकार द्वारा घटाए गए पेट्रोल डीजल के दामों को नाकाफी बताते हुए इसमें कम से कम 50 रुपये कम किए जाने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि बुआई के सीजन में किसान खाद के लिए दर दर भटक रहा है। धान क्रय केंद्रों पर ताले लटक रहे हैं। किसान औने पौने दामों पर अपना धान बेचने पर मजबूर हैं। बाढ़ और भारी बारिश से बरबाद फसलों का मुआवजा न देकर सरकार ने अपनी किसान विरोधी मानसिकता को उजागर कर दिया है। प्रदेश की योगी सरकार कानून व्यवस्था पटरी पर लाने के बजाय जनता के हक में आवाज उठाने वाले वामदलों और अन्य विपक्षी नेताओं का दमन कर रही है। इस पर तत्काल रोक लगना चाहिए। धरने को भाकपा (माले) राज्य कमेटी सदस्य राम भरोस, सूर्यकांत पाण्डेय, माकपा नेता मया राम वर्मा, सुनीता गौड़, रामजी राम यादव, एसएन बागी, बाबूराम यादव, शैलेन्द्र सिंह, अजय शर्मा, राजेश वर्मा, राजकपूर, रामसिंह, शेर बहादुर शेर, सत्यभान सिंह, अनिरुद्ध प्रताप मौर्य, मो इश्हाक, अवधराम यादव, रामकुमार सुमन आदि नेताओं ने संबोधित किया। धरने में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। अन्त में राष्ट्रपति को संबोधित 11सूत्री मांगपत्र नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

# वृक्ष पानी शुद्ध हवा जीवन की अनमोल दवा – उप निरीक्षक रणजीत यादव

जनपद ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) ।जिले के कोतवाली अयोध्या के पुलिस चौकी नयाघाट पर नियुक्त समाजसेवी तेज तर्रार युवा व उप निरीक्षक रणजीत यादव ने भवदीय पब्लिक स्कूल महोबरा अयोध्या पहुँचकर स्कूल के बच्चों संग पौधरोपण कर पर्यावरण जागरूकता के संदेश दिया ।उन्होंने स्कूल परिसर में अपनी मोटरसाइकिल से पौधे लेकर उप निरीक्षक रणजीत ने कदम्ब के दो पौधे,फाइकस, फॉर्बिया,अकलिफा के एक–एक पौधे कुल 5 पौधों का रोपण किया ।पौधरोपण के इस कार्य में शूटिंग रेंज अयोध्या मंडल के प्रभारी शनि कुमार वर्मा और भवदीय पब्लिक स्कूल के अध्यापक मो0 मजहर अब्बास, खेल शिक्षिका सुश्री दीपा वर्मा समेत स्कूल की छात्र–छात्राएं मौजूद रही ।इस मौके पर रणजीत यादव ने कहा कि हम सभी को पौधरोपण करने के साथ उनका संरक्षण भी करना चाहिए ।वही पर्यावरण सुरक्षा के लिए पौधरोपण, जल–संरक्षण,स्वच्छता इत्यादि कार्य स्वयं करने के साथ ही अपने नौनिहालों में भी पर्यावरण जागरूकता के संस्कार डालने के प्रयास करना चाहिए ।मालूम हो कि उप निरीक्षक रणजीत यादव सुरक्षा के साथ सेवा का कार्य करते रहते हैं।



पौधरोपण,रक्तदान, शिक्षा,सुरक्षा और यातायात के प्रति जागरूकता कार्य मे सहभागिता करते रहने के कारण कई पुरस्कार मिल चुके है ।वही सामाजिक संदेश पर आधारित इनके द्वारा लिखित कई कहानियों का प्रसारण आकाशवाणी लखनऊ व फैजाबाद के रेडियों एफएम केंद्र से हो चुका है। रणजीत यादव पुलिस चौकी नयाघाट पर नियुक्त होकर निरतंर आम–जनमानस की सेवा कर रहे हैं ।उप निरीक्षक रणजीत यादव के इस कार्य के लिए भवदीय पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डॉ0 अवधेश वर्मा व डायरेक्टर श्रीमती रेनू वर्मा ने आभार व्यक्त किया। स्कूल के प्रधानाचार्य एम0डी0 ओझा ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दारोगा के द्वारा समाज के प्रति इस प्रकार से किये जा रहे कार्य से निश्चित ही आम–जनमानस में पुलिस की छवि अच्छी होगी।

# 14 नवंबर को गोसाईगंज क्षेत्र में खेल महोत्सव का उद्घाटन करेगी पार्टी अपना दल

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।अपना दल पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि 14 नवंबर को केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल अयोध्या के दौरे पर हैं ।गोसाईंगंज खेल महोत्सव का करेगी शुभारंभ करेंगी जो14 नवंबर से अयोध्या के गोसाईंगज विधान सभा में खेल महोत्सव आयोजित किया जायेगा ।खेल महोत्सव में गोसाईंगंज विधानसभा में एथलेटिक्स, फुटबाल, हॉकी,कब्बडी सहित होगी विभिन्न खेल प्रतियोगितायें ।खेल महोत्सव के शुभारंभ के उपरांत अनुप्रिया पटेल गोसाईंगंज रामलीला ग्राउंड में जनसभा को भी करेंगी सम्बोधित ।अपना दल



के प्रदेश सचिव प्रमोद सिंह ने जानकारी दी।

## परिवार और जातिवाद का नहीं जनसेवक नेता चाहिए – स्वतंत्र देव सिंह

प्रयागराज ब्यूरो : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह मंगलवार को परिवार और जातिवाद के नाम पर विपक्षी दलों पर हमलावर रहे। कोरांव के डिहार खीरी के परमानंद महाविद्यालय में आयोजित सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती समारोह में उन्होंने वंशनाद को नकारते हुए जनसेवक को चुनने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष ने भर्तियों में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए सपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले पुलिस भर्ती के चयनितों की सूची सैफई से जारी होती थी। वहीं योगी सरकार में चयन का आधार सिर्फ योग्यता है। स्वतंत्र देव ने कहा कि राम के अस्तित्व को नकारने वाले अब अयोध्या में माथा टेक रहे हैं। उन्होंने कहा कि महापुरुषों का सम्मान हो इसलिए देश और प्रदेश में राष्ट्रवादी सरकार चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार की उपलब्धियों को भी गिनाया। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसेवा के लिए अपने पिता की अंत्योष्टि में भी नहीं गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता यमुनापार जिला अध्यक्ष विभव नाथ भारती ने की। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने 51 किग्रा की माला पहनाकर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। कार्यक्रम में सांसद डॉ.रीता बहुगुणा जोशी, काशी क्षेत्र के अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव, पुष्पराज सिंह पटेल, अशोक पांडेय, विधायक राज मणी कोल, डॉ.अजय कुमार, नीलम करवरिया, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष विभूति



नारायण सिंह, नरेंद्र देव पांडेय, दिलीप चतुर्वेदी आदि शामिल रहे। सर्किट हाउस में भी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में पूर्व विधायक उदयभान करवरिया, विधायक दीपक पटेल, गुरुप्रसाद मौर्य, डॉ.एलएस ओझा आदि शामिल रहे।

## चोरो ने उड़ाए नगदी व जेवरात

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जर्रो गांव के मिथलेश यादव पुत्र मुरलीधर के घर सोमवार रात चोरों ने नगदी लगभग 10000 और दो थान जेवरात कपड़ा देसी घी 2 किलो अचार बंद बक्सा चोरों ने हाथ साफ कर दिया परिजन ने अनुमान से बताया कि चोर घर के पीछे से छत के ऊपर से आंगन में आए और आंगन से उधर में रखें बक्सा को उठा ले गए जिसमें माह में जीवराज और नगदी में लगभग 10000 था ग्रामीण का कहना है कि कुछ जानकारी रात लगभग 2:30 बजे अजनबी शख्स को देखा गया था लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी थी इसके 3 दिन बाद आज चोरों ने इस घटना का अंजाम दे दिया।

## कलम के सिपाही की मनायी गयी पुण्य तिथि : पत्रकार विकल की कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती – राजेन्द्र तिवारी

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : कलम के सच्चे सिपाही व खोजी पत्रकार के नाम से पहचान रखने वाले जिले के वरिष्ठ पत्रकार स्व. रामतीर्थ विकल की मंगलवार को उनकी प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। रिकाबगंज स्थित मीडिया हाउस कार्यालय में आयोजित श्रद्धाजंलि सभा में पत्रकार , समाजसेवी व राजनीतिकगणों ने उनके चित्र पर माल्यर्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाजसेवी राजेश सिंह मानव ने कहा कि स्व० विकल ने हमेशा गरीबों व मजलूमों की आवाज को लोगों के बीच पहुंचाई है। उन्होंने बताया कि वह उनकी खोजी खबर से आज कई स्वतंत्रता सेनानी सरकार से मिलने वाली पेंशन का लाभ ले रहें। वहीं उपजा के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने उनके साथ किये गए पत्रकारिता के अनुभव को सबके सामने रखा। स्वर्गीय विकल जी उपजा अयोध्या इकाई के संरक्षक भी थे तथा सदैव संगठन के विस्तार एवं मजबूती पर अपनी राय भी दिया करते थे। वह आजीवन एकमात्र संगठन उपजा से ही जुड़े रहे। सच्ची पत्रकारिता का सदैव साथ देते रहे पत्रकारिता के साथ–साथ कई अन्य विधाओं के भी ज्ञाता थे । कलाकारी को मूर्त रूप देने में भी माहिर रहे। उनकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती । टीवी चौनल पत्रकार संजीव आजाद ने कहा कि विकल जी ने हमेशा अपने अनुज पत्रकारों को सिखाने का काम किया इस कारण उन्हें पत्रकारों का गुरु भी कहा जाता था। इस मौके पर उपजा वरिष्ठ उपाध्यक्ष जय प्रकाश गुप्ता, महेश शंकर, राजेन्द्र दुबे, तुफैल अहमद, प्रभाकर चौरसिया, सीएम श्रीवास्तव, अजय निषाद, रवि मिश्रा, शंकर श्रीवास्तव, अनिल निषाद, पवन पांडेय, महेंद्र कुमार पांडेय, एलआईयू से कमल कुमार मिश्रा, अजय कुमार, अरविंद, दृश्तान्त हेम, बाबू, इंटेलीजेंस के राजेश यादव, फरीद सलमानी सहित तमाम लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## सर्वेश यादव के नेतृत्व में सैकड़ो युवकों ने थामा सपा का दामन

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : समाजवादी पार्टी के युवा साथी भाई सर्वेश यादव ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर अपने सैकड़ो साथियों को समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। यहां कार्यालय पर उपस्थित सभी साथियों ने 2022 में श्री अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। पूर्व मंत्री पवन पांडेय ने सबको सदस्यता दिलाई। आज समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से रत्नेश शरण दास जी महाराज, अभिषेक तिवारी, श्री गोलू रावत, श्री संजय रावत, श्री विशाल पाण्डेय, श्री आलोक सिंह जी, श्री जोगेंद्र यादव जी, श्री विशाल यादव जी, श्री अशोक यादव जी, श्री रंजीत वर्मा जी, श्री अर्जुन मौर्या जी, श्री रामयज्ञ जी, श्री सरजू मौर्या जी सहित सैकड़ों साथियों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष श्री श्यामकृष्ण श्रीवास्तव जी, महासचिव हामिद जाफर मीसम जी, उपाध्यक्ष श्रीचन्द यादव जी, महिला महासचिव अपर्णा जायसवाल जी, श्री विशालमणि यादव रिक्की जी सहित पार्टी के साथी पदाधिकारी मौजूद रहे। पूर्व मंत्री पवन पांडेय व श्रीचंद यादव ने छोटे भाई सर्वेश यादव जी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिये।

## अलीगढ़ : भाजपा नेता योगेश प्रधान पर दबंगों ने बोला हमला

अलीगढ़ ब्यूरो : महानगर के सासनी गेट क्षेत्र के सराय हरनारायण के भाजपा नेता योगेश प्रधान संग रंगदारी न देने के विवाद में दबंगों ने हमला कर दिया। इस दौरान तमंचे की बट से की गई मारपीट में योगेश का सिर फट गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बता दें कि इन लोगों पर इस तरह की दबंगई के पूर्व में भी आरोप लगे हैं। योगेश प्रधान की आगरा रोड पर फोटो स्टूडियो की दुकान है। सोमवार शाम को वे अपनी दुकान पर बैठे थे, तभी नामजद चार–पांच युवक दुकान पर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने रंगदारी में पांच हजार रुपये मांगे। चूंकि वे इलाके में इस तरह की दबंगई दिखाते रहते हैं। इस पर योगेश ने उन्हें विरोधा कर वहां से भगाने का प्रयास किया। मगर उन्होंने योगेश संग मारपीट शुरू कर दी और तमंचे की बट से सिर फोड़ दिया। शोर शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग आ गए। बाद में हमलावर धमकी देते हुए भाग गए। खबर पर पुलिस भी वहां पहुंच गई। घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया। जिसमें गंभीर चोटों का उल्लेख किया गया है। पुलिस ने योगेश की तहरीर पर छोटेलाल उर्फ पतरा , नंदकिशोर यादव, विष्णु, सुमित समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों को तलाश किया जा रहा है।

# निःसंतान महिला ने खुद के लिए चुराई थी महिला अस्पताल से बच्ची

अलीगढ़ ब्यूरो : मोहनलाल गौतम महिला चिकित्सालय से बच्ची को निःसंतान महिला ने चोरी किया था। सोमवार देर रात गिरफ्तारी और बच्ची बरामदगी के बाद रात में हुई पूछताछ में महिला ने ये बात स्वीकारी है। मंगलवार को महिला को जेल भेज दिया गया। भुजपुरा की साकिरा पत्नी रईस मोहम्मद ने महिला अस्पताल में रविवार रात बच्ची को जन्म दिया था। सोमवार को प्रसूता महिला की अस्पताल से छुट्टी से पहले एक अंजान महिला बच्ची को चोरी कर ले गई। हालांकि महिला अस्पताल का सीसीटीवी कैमरा खराब था। मगर बच्ची के चोरी की सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने जांच पड़ताल में महिला को ट्रेस कर लिया। महिला बच्ची को चोरी कर ले जाते समय अस्पताल के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी। इसके बाद महिला को खोजने में पुलिस की चार टीमें लग गईं। देर रात महिला को बच्ची सहित सारसौल के पास से बुलंदशहर के लिए जाते समय दबोच लिया गया। महिला ने पूछताछ में अपनी पहचान गभाना के पला सल्लू नगला की पूजा पत्नी जितेंद्र के रूप में दी। 40 वर्षीय महिला ने बताया कि वह मूल रूप से सागर मध्य प्रदेश की रहने वाली है। पहले पति से तलाक के बाद उसने जितेंद्र से दूसरी शादी की। जितेंद्र हाथरस में किसी पेट्रोल पंप पर बतौर सेल्समैन नौकरी करता है। वह अकेली सारसौल इलाके में किराये पर रहती है। चूंकि उसके कोई संतान नहीं है। इसलिए उसने ये बच्ची को चोरी किया था। बच्ची को लेकर वह सबसे पहले अपनी ससुराल पला सल्लू पहुंची। वहां से अपना कुछ जरूरी सामान समेटने के बाद वापस अपने किराये के कमरे पर सारसौल आई और यहां से बुलंदशहर जाने की तैयारी थी। तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गई। बरामदगी के बाद बच्ची को पीड़ित परिवार को सौंप दिया गया है, जबकि महिला को जेल भेज दिया है। अस्पताल में छूटा महिला का मोबाइल बना मददगार। इस घटना के खुलासे के लिए सीओ के नेतृत्व में चार टीमों ने काम शुरू कर दिया। एक टीम घटनास्थल से लेकर रसलगंज व सारसौल की ओर के सभी सीसीटीवी खंगालने में लगी थी। दूसरी घटनास्थल पर बारीकी से तथ्यों को जुटाने में लगी थी। इसी बीच एक मोबाइल उस बेड पर पड़ा मिल गया, जिस पर प्रसूता लेटी थी। पता चला कि ये मोबाइल शायद उसी महिला का हो सकता है। जब तीसरी टीम के जरिये इस मोबाइल पर सर्विलांस की मदद से काम शुरू किया गया तो उसके विषय में काफी जानकारियां मिलती चली गईं और सबसे बड़ा मददगार मोबाइल ही बना। चौथी टीम को दबिश के लिए लगाया गया। लाल साड़ी पहने महिला खोज में मिली। घटनास्थल पर पता चला कि छुट्टी की तैयारी के बीच महिला ने प्रसूता की सास को बाहर से रिश्तेदार को बुलाने भेजा और इसी बीच खुद बच्चे को गरम टोपी दिलाने के बहाने लेकर निकल गई। बाद में पुलिस को बताया कि महिला लाल साड़ी पहने थी। इसके बाद सीसीटीवी में भी अस्पताल के बाहर जाते समय महिला लाल साड़ी में बच्चे सहित कैद पाई गई। बस पुलिस उसी रास्ते पर आगे बढ़ती चली गई। दो माह से कर रही थी प्रयास। पुलिस पूछताछ में महिला ने स्वीकारा कि वह पिछले दो माह से महिला अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में इसी तरह बच्चा चोरी करने के इरादे से घूम रही थी। उसे पहली बार आसानी से बच्चा चोरी करने का मौका मिला और वह उसे लेकर चली गई। कई बार वह रात में भी आई थी और कई बार दिन में भी आई। – बच्चा चोरी के मामले में चंद घंटों के प्रयास में ही पुलिस की चार टीमों ने यह सफलता पाई है। महिला को जेल भेज दिया गया है। यह बच्चा खुद निःसंतान होने के कारण चोरी किया था। इसके अलावा कोई और मकसद सामने नहीं आया है।

– मोहसिन खान, सीओ द्वितीय

# वाराणसी पुलिस कमिश्नर ने नौ जिलों के पुलिस प्रमुख को भेजा पत्र : 16 अभ्यर्थियों को सफीना जारी

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के नीट सॉल्वर गैंग मामले में 16 अभ्यर्थियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वाराणसी पुलिस कमिश्नर सतीश ए गणेश ने बुधवार को सारनाथ के एडीसीपी, एसीपी और एसएचओ के साथ बैठक पर केस के मामले में समीक्षा की। उन्होंने सभी अभर्थियों को अपना पक्ष रखने के लिए पत्र भेजा है। जिसकी अंतिम तारीख 15 नवंबर है। ये सभी अभ्यर्थी सॉल्वर गैंग के संपर्क में आए थे, जिन्होंने अपने स्थान पर फर्जी अभ्यर्थियों को बैठाकर परीक्षा दिलाने की साठगांठ की थी। वाराणसी पुलिस ने करीब दो महीने पहले नीट परीक्षा के दौरान खुलासा किया था। तभी से पुलिस इस गैंग पर कार्रवाई कर रही है। वाराणसी पुलिस कमिश्नर इन अभ्यर्थियों के जिलों के कमिश्नर और एसएसपी को पत्र भेजा है। अभ्यर्थियों को इस केस के विवेचक ने पहले ही सभी सफीना (नोटिस) भेज दिया है। अगर कोई अभ्यर्थी जवाब नहीं देगा तो तब न्यायालय के माध्यम से अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी अभ्यर्थियों फिंगर प्रिंट भी लेगी, जिन्हें परीक्षण के लिए स्टेट एफपीबी लखनऊ भेजा जाएगा। कोर्ट ने सॉल्वर गैंग के सरगना पीके के खिलाफ एबीडब्ल्यू (गैर जमानती वारंट) भी जारी किया है। वह अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर




है ।अभ्यर्थी 16 जिलों के रहने वाले हैं। जिनमें लखनऊ का एक, सोनभद्र का एक, झांसी का एक, भोजपुर का एक, मधेपुरा का एक, पटना के दो, ढलाई त्रिपुरा का एक, नॉर्थ त्रिपुरा के तीन और साउथ त्रिपुरा के चार रहने वाले हैं। इन्ही जिलों के पुलिस चीफ्स को कमिश्नर ने पत्र भेजा है।

## सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दो युवकों की इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में हुई मौत

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : अयोध्या रायबरेली राजमार्ग का निर्माण कार्य कराने वाली कार्यदायी संस्था की लापरवाही के चलते बाइक सवार दो युवको की हुई मौत। प्राप्त समाचार के अनुसार थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र अंतर्गत हिसामुद्दीनपुर पूरे निधान तिवारी गांव निवासी अर्जुन तिवारी पुत्र रमाकांत तिवारी 22 वर्ष अपने दोस्त ओम शंकर के साथ किसी कार्य के लिए बीते 4 नवंबर की शाम लगभग 6:00 बजे मिल्कीपुर जा रहे थे। मिल्कीपुर बाजार के निकट फैजाबाद रायबरेली राजमार्ग पर बन रही पुलिया में गिर गए जिससे दोनों युवकों को गंभीर चोटे आई दुर्घटना की जानकारी होते ही बाजार वासी आनन–फानन में पुलिस वा घायल युवकों के परिजनों को सूचना देते हुए उपचार के लिए सीएचसी मिल्कीपुर ले गए जहां पर डाक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए दोनों युवकों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था घायल दोनों युवकों की हालत में सुधार ना होता देख जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों ने उपचार के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ भेज दिया था। ट्रामा सेंटर में अर्जुन तिवारी की उपचार के दौरान रविवार की रात लगभग 10:00 बजे मौत हो गई मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों व ग्रामीणों में कोहराम मच गया एक और जहां अर्जुन तिवारी का शव गांव पहुंचा ही नहीं था कि सोमवार की सुबह 10:00 बजे ओम शंकर की भी मौत हो गई घटना घटित होने से पूरे गांव में शोक की लहर बनी हुई है।

# विधायक ने दी भाजपा सदस्यता अभियान को गति

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : भाजपा मिस्ड कॉल सदस्यता कैंप का आयोजन बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के सोहावल तहसील के करेरू गांव निवासी व प्रधान प्रतिनिधि गिरजेश त्रिपाठी के नेतृत्व में उनके आवास पर किया गया। जिसकी शुरुआत बीकापुर विधायक शोभा सिंह चौहान तथा उनके प्रतिनिधि डॉ अमित सिंह चौहान ने की। विधायक ने पार्टी की नीतियों व विचारधारा के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को अवगत करवाया। जिससे आम जनमानस ने बढ़–चढ़कर बीजेपी की सदस्यता ली सदस्यता। इस अवसर पर गिरजेश त्रिपाठी, विश्वनाथ तिवारी, पाटेश्वरनाथ पांडेय, शिव बरन तिवारी, साहब दास जायसवाल, वकील सिंह, डॉ जनार्दन सिंह, अंकित कौशल, अंगद सिंह, चंद्रेश प्रियदर्शी, रामतेज प्रियदर्शी, हरिचरण रावत, अशोक तिवारी, सालिक निषाद, पवन तिवारी, कप्तान सिंह, अवनीश तिवारी, राम उजागर, मास्टर दिगंबर नाथ, शिव प्रसाद यादव प्रियदर्शी पप्पू प्रियदर्शी बिरजेश जयसवाल पिंकू यादव विनोद यादव दुखहरण प्रियदर्शी जोखन प्रियदर्शी राकेश जयसवाल नितिन तिवारी राजेश सिंह प्रभाकर जयसवाल उदय भान यादव सत्यनारायण प्रजापति मोहम्मद तालिब अली अकरम हुसैन रहमान अली सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# बच्चों और गर्भधात्रियों को मिला रिफाइंड व चना दाल

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : बीकापुर विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भावापुर में मंगलवार को कम्पोजिट विद्यालय नेवादा–भावापुर में समूह ने 170 लाभार्थियों को चने का दाल, सोयाबीन का तेल और दलिया वितरित किया ।कार्यक्रम में शून्य वर्ष से तीन वर्ष के बच्चे, तीन वर्ष से छह वर्ष के बच्चे, गर्भवती महिलाएं, गर्भधात्री महिलाएं, कुपोषित अति व कुपोषित बच्चे शामिल रहे। आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुनीता यादव एवं उर्मिला उपाध्याय ने सुपरवाइजर संतोष वर्मा की निगरानी में लाभार्थियों को स्वयं सहायता समूह के साथ मिलकर वितरण किया ।सुपरवाइजर संतोष वर्मा ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से गरीब और मध्यम बच्चों के लिए अनाज देने का जो कार्य किया गया वह काफी सराहनीय है। इससे बहुत से ऐसे मध्यम परिवार है जो इसका लाभ पा रहे हैं।

## अयोध्या एकेडमी के प्रबंधक प्रदीप तिवारी का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।अयोध्या एकेडमी के प्रबंधक प्रदीप तिवारी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर युवा



छात्र नेता गौरव शुक्ला पहुंचकर प्रबंधक प्रदीप तिवारी जी को जन्मदिन की बधाई दी और केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया इस अवसर पर अक्कू सिंह,आयुष मौर्य समेत कई लोग उपस्थित रहे और सभी ने अयोध्या एकेडमी के प्रबंधक प्रदीप तिवारी को जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर प्रबंधक ने शिक्षा के बारे में जानकारी दें और बताया समाज में हर एक वर्ग महिला पुरुष सभी को शिक्षित होना अनिवार्य है जो हमारे देश की धरोहर हैं उनके भविष्य में देश का भविष्य छिपा है।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / **R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।